卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐 卐 जय बाबा की 卐 卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ॥
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ॥

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 138 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦22 फरवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## डीजे पर डांस के दौरान गोली लगने से दुल्हे के भतीजे की मौत

### शादी की खुशियां मातम में बदली

हरिद्वार(उद संवाददाता)। रूड़की के बुग्गावाला क्षेत्र के एक गांव में देर रात शादी में बज रहे डीजे पर डांस के दौरान हर्ष फायरिंग करने से एक किशोर की मौत हो गई। किशोर की मौत से शादी की खुशियां मातम में बदल गई। बताया जाता है कि मृतक दुल्हे का भतीजा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना मंगलवार देर रात बुग्गावाला क्षेत्र के डाडियों की है। यहां विक्रम के पुत्र सतनाम की शादी थी। रात को पार्टी के दौरान डीजे पर नाच गाना



चल रहा था। समारोह में डीजे पर बच्चे और अन्य लोग डांस कर रहे थे। इस बीच गांव के ही श्रवण कुमार उर्फ पप्पू ने तमंचे से फायरिंग कर दी। फायरिंग में 14 वर्षीय परमजीत सिंह पुत्र नीटू सिंह को गोली लग गई। गोली लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। घटना से विवाह समारोह में अफरा तफरी मच गयी। शादी की खुशियां पल भर में मातम में बदल गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि मामले में गोली चलाने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। बताया जाता है कि जिसने गोली चलाई थी मृतक उसकी का भतीजा था।

## टैंट में करेंट फैलने से सेना के जवान की मौत,तीन झुलसे


उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। उत्तरकाशी के ज्ञानसू पुलिस लाइन मार्ग स्थित शहीद पार्क में एक समारोह के लिए लगाये गये टेंट में करंट फैलने से सेना के एक जवान की मौत हो गई जबकि तीन अन्य जवान झुलस गए। बताया जाता है कि आंधी चलने से टेंट उड़ने की आशंका पर कुछ जवानों ने टेंट पकड़ा हुआ था और हाईटेंशन लाइन उसके ऊपर जा रही थी। इसी बीच टैंट में करंट फैल गया और यह हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार शहीद पार्क में बुधवार को पूर्व सैनिकों के लिए एक कार्यक्रम होना था, जिसमें पूर्व



सैनिकों की समस्याओं सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की जानी थी। कार्यक्रम के आयोजन के लिए शहीद पार्क में सेना की ओर से मंगलवार सुबह से टेंट लगाने का कार्य शुरू किया गया था। कार्यक्रम की तैयारियों के लिए हर्षिल से जवान यहां पहुंचे थे। टेंट के ठीक ऊपर हाईटेंशन लाइन थी। शाम को आंधी चलने से टेंट उड़ने की आशंका पर टेंट की बल्लियों को कुछ जवानों ने पकड़ा हुआ था। इसी दौरान अचानक टेंट में करंट फैल गया। जिन जवानों ने टैंट की बल्लियों को पकड़ा था। वह करंट लगने से जोर के झटके के साथ इधर-उधर गिर (शेष पृष्ठ सात पर)

## परीक्षाओं में गड़बड़ी करने वालों की अब खैर नहीं: जोशी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि सरकार युवाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। सरकार रोजगार को लेकर अहम निर्णय ले रही है। राज्य से युवाओं का पलायन न हो, इसके लिए सरकार ने विशेष रणनीति तय की है। उन्होंने कहा कि लाठीचार्ज के पीछे जो भी लोग दोषी हैं, उसको लेकर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। लाठीचार्ज के बाद ही इस मामले की जांच कमिश्नर कुमाऊं को सौंप दी गई थी। प्रदेश में प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता एवं शुचिता को सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार



ने 09 फरवरी, 2023 को उत्तराखण्ड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) अध्यादेश 2023 का अनुमोदन प्रदान किया है। इस अध्यादेश में दोषियों के विरूद्ध सख्त प्रावधान किए गए हैं। यदि कोई व्यक्ति, प्रिंटिंग प्रेस, सेवा प्रदाता संस्था, प्रबंध तंत्र, कोचिंग संस्थान इत्यादि अनुचित साधनों में लिप्त पाया जाता है तो उसके लिए आजीवन कारावास तक की सजा तथा दस करोड़ रूपए तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। यदि कोई व्यक्ति संगठित रूप से परीक्षा कराने वाली संस्था के साथ षडयंत्र करता है तो आजीवन कारावास तक की सजा एवं 10 करोड़ रूपए तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। यदि कोई परीक्षार्थी प्रतियोगी परीक्षा में स्वयं नकल करते हुए या अन्य परीक्षार्थी को नकल कराते हुए अनुचित साधनों में लिप्त पाया जाता है तो उसके लिए तीन वर्ष के कारावास व न्यूनतम पांच लाख के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। यदि वह परीक्षार्थी दोबारा अन्य प्रतियोगी परीक्षा में पुनः दोषी पाया जाता है तो न्यूनतम दस वर्ष के कारावास तथा न्यूनतम 10 लाख (शेष पृष्ठ सात पर)

## सीएम ने किया सगन्ध फसल उत्कृष्टता केन्द्र का लोकार्पण

देहरादून (उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सेलाकुई में 'सगन्ध फसल उत्कृष्टता केन्द्र' का लोकार्पण किया। इस दौरान केंद्र के डायरेक्टर



निपेंद्र चौहान ने सगन्ध केंद्र की उपलब्धियां बताई। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोश, विकासनगर विधायक मुन्ना सिंह चौहान, सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर भी शामिल हुए। वहीं सेलाकुई में सीएम के पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सत्येंद्र चौक पर प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। उनकी मांग थी कि शीशम बड़ा कूड़ाघर हटाया जाए। औद्योगिक इकाइयों में 70% स्थानीय निवासियों को (शेष पृष्ठ सात पर)

## लेन-देन को लेकर युवक को किया अधमरा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लेनदेन के विवाद में दो भाईयों ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक पर कांपा तलवार और तमंचे की बट से हमला कर दिया। युवक को मरा हुआ समझकर हमलावर फरार हो गये। घायल युवक के साथी ने उसे निजी अस्पताल भर्ती कराया जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुयी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। नौवादा हाउसिंग काम्पलेक्स नई दिल्ली निवासी विक्रम कुमार पुत्र विनोद पुदार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके दोस्त हिमांशु पाठक का आदर्श कालोनी वार्ड न0 13 रूद्रपुर निवासी गौरव सिंह व साहिल सिंह पुत्रगण सेवा सिंह से पैसे का लेन-देन था। बीते दिनों दोनो भाईयो ने पैसे देने के लिए व बात करने के लिए अपने घर पर बुलाया जब वह इन्द्रा चौक के पास पहुंचे तो गौरव सिंह का फोन आया और कहा कि 2 साल से उस पते पर नही रहता हूँ उसने काशीपुर रोड रेव सिनेमा के पास आने को कहा। बतायी गयी लोकेशन पहुंचे तो वहां गौरव सिंह के (शेष पृष्ठ सात पर)

### व्यवसायिक रंजिश में ट्रांसपोर्टर पर धारदार हथियार से हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। व्यवसायिक रंजिश के चलते एक ट्रांसपोर्टर ने दूसरे ट्रांसपोर्टर पर साथियों के साथ मिलकर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मूल रूप से पंजाब निवासी संदीप सिंह पुत्र सुरेन्द्रपाल यहां फुलसुंगा में रहता और गाजियाबाद पंजाब रोड नाईन के नाम से कारोबार करता है। उसने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि जगदम्बा ट्रांसपोर्ट का स्वामी अरविन्दर उससे व्यवसायिक रंजिश रखता है (शेष पृष्ठ सात पर)

## छात्रसंघ महासचिव पर जानलेवा हमला

देहरादून (उद संवाददाता)। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के छात्रसंघ महासचिव सम्राट राणा ने कुछ छात्रों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने कोतवाली श्रीनगर में तहरीर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते देर रात विश्वविद्यालय गेट के पास छात्रसंघ महासचिव के साथ 15 से अधिक युवकों ने हाथापाई शुरू कर दी और उन्हें बुरी तरह से जख्मी कर दिया। जिसके बाद छात्रसंघ महासचिव सम्राट राणा ने कोतवाल श्रीनगर पहुंचकर मुकदमा दर्ज करवाया। वहीं पूरे मामले पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस मारपीट



के सीसीटीवी फुटेज भी खंगालने में जुटी हुई है। फिलहाल मामले में पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। छात्र नेता सम्राट राणा का कहना है कि छात्रसंघ चुनाव की हार उनके विरोधी अभी तक पचा नहीं पा रहे हैं। कहा कि बीती रात जब वे अकेले जा रहे थे तो उस दौरान शराब के नशे में धुत युवकों द्वारा उन पर लाठी डंडों से हमला किया गया। जिसके बाद वें श्रीनगर कोतवाली पहुंचे, जहां उन्होंने हमला करने वालों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है। उन्होंने कहा कि ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ पुलिस प्रशासन को कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने कोतवाली श्रीनगर में सम्बधित युवकों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा पंजीकृत किया गया है। वहीं पूरे मामले पर प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर रवि सैनी का कहना है कि विश्वविद्यालय गेट के पास छात्रसंघ महासचिव के साथ हुई मारपीट की घटना में पांच नामजद युवकों के खिलाफ बलवा व मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस इस पूरे इलाके में लगे सीसीटीवी टीवी कैमरे चेक कर रही है। कहा कि उन्हें मारपीट का वीडियो भी मिल गया है,जिसकी जांच करके सम्बधित मारपीट करने वाले युवकों के खिलाफ उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## भाजपा मंडल कार्यमिति की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी उत्तरी एवं दक्षिणी मण्डल कार्यसमिति की बैठक में आगामी निकाय एवं लोकसभा चुनावों की तैयारियों सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गयी और कार्यकर्ताओं से सरकार की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का आहवान किया गया। दोनों बैठकों का शुभारंभ विधायक शिव अरोरा,मेयर रामपाल सिंह, जिला महामंत्री अमित नारंग, मोहन तिवारी और खूब सिंह विकल ने किया। बैठक में विधायक शिव अरोड़ा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व में अलग पहचान बनायी है। राष्ट्रीय स्तर




से लेकर वैश्विक स्तर तक भारत एक सशक्त व समर्थवान देश के रूप में उभरा है। भारत को जी-20 और एससीओ जैसे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय संगठनों की अध्यक्षता मिलना ऐतिहासिक है। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। उत्तराखंड में भी प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। सीएम धामी राज्य में नए कार्य संस्कृति स्थापित कर रहे हैं। वह विकल्प रहित संकल्प के साथ सरलीकरण, समाधान, निस्तारण व संतुष्टि के मंत्र को लेकर चल रहे हैं। राज्य में भ्रष्टाचार अपराध मुक्त प्रदेश, सुशासन जवाबदेह व्यवस्था पर काम कर रही है। भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। आने वाले स्थानीय निकाय चुनाव के लिए भाजपा पूरी तरह से तैयार है। जहां भाजपा नहीं है वहां विकास के स्थान पर सिर्फ भ्रष्टाचार हो रहा है और आने वाले स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा ऐतिहासिक जीत (शेष पृष्ठ सात पर)

## गोदाम से लाखों की कॉपर वायर चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा रोड स्थित एक गोदाम में धावा बोलकर अज्ञात चोरों ने लाखों रूपये की कॉपर वायर चोरी कर ली। गोदाम स्वामी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। किच्छा रोड ठंडी सड़क निवासी मांगे राम पुत्र दीन दयाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी मैसर्स गर्ग इलेक्ट्रिकल्स के नाम से पांच मंदिर के पास दुकान है और किच्छा रोड ठंडी सड़क में एक गोदाम है। बीते दिनों चोरों गोदाम के ताले तोड़कर 3 लाख 75 हजार कीमत की कॉपर वायर चोरी कर ली। चोरी की वारदात सीसी कैमरे में भी कैद हुयी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# श्रद्धालुओं की यात्रा सुरक्षित एवं सुगम हो यह हम सबका दायित्व : धामी

## चारधाम यात्रा की तैयारियों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश

## कई जगह सड़कों पर गड्ढे की शिकायतें, बीआरओ की टीम जोशीमठ में रहेगी





देहरादून। उत्तराखंड में आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों की समीक्षा के दौरान सीएम पुष्कर सिंह धामी ने विभागीय मंत्रियों व अधिकारियों से यात्रा की व्यापक तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए और रूद्रप्रयाग और चमोली व उत्तरकाशी जिला प्रशासन चारधाम यात्रा शुरू होने से पूर्व सभी विभाग अपने स्तर से सभी तैयारियां पूर्ण कर लें। श्री बद्रीनाथ यात्रा के सुचारू संचालन के लिए बीआरओ की एक टीम नियमित जोशीमठ में रहेगी। यदि जोशीमठ में सड़कों में दरार या कोई अन्य समस्याएं आती हैं, तो उनका शीघ्र ट्रीटमेंट किया जाएगा। यात्रा के सफल संचालन के लिए जोशीमठ में आपदा प्रबंधन का कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक निर्माण विभाग को लोक निर्माण विभाग की सड़कों को शत प्रतिशत गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अभी भी कई जगह सड़कों पर गड्ढे की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने एवं सड़कों के सुधारीकरण के लिए प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग प्रत्येक सप्ताह जिलाधिकारियों एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा करेंगे। यह समीक्षा तब तक जारी रखी जाएगी, जब तक जिलाधिकारियों से लोक निर्माण विभाग की सड़कों के शत प्रतिशत गड्ढा मुक्त होने एवं सुधारीकरण की रिपोर्ट न आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड के चारों धाम श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक आस्था के प्रमुख केन्द्र हैं। सभी श्रद्धालुओं की यात्रा सुरक्षित एवं सुगम हो यह हम सबका दायित्व है। उन्होंने कहा कि पिछले साल की चारधाम यात्रा में जो कमियां रह गई थीं, सभी संबंधित विभागों द्वारा उन कमियों का निदान करते हुए, इस बार श्रद्धालुओं को क्या बेहतर सुविधाएं दे सकते हैं, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चारधाम यात्रा मार्गों पर वाहनों के पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाए। वाहन चालकों के लिए पार्किंग स्थलों पर आराम करने की व्यवस्थाएं भी की जाए। चारधाम यात्रा में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। पैदल मार्गों में भी स्वच्छता के लिए पूरी व्यवस्था की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी पेट्रोल पम्पों पर पेयजल एवं टॉयलेट की उचित व्यवस्था हो। यात्रा मार्गों पर साइनेज एवं क्रैश बैरियर की आवश्यकतानुसार पूरी व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा की बेहतर सुविधा के लिए खर्चे की पूरी व्यवस्था की जाएगी, लेकिन कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। चारधाम यात्रा के लिए वाहनों के फिटनेस टेस्ट एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था समय पर पूर्ण कर ली जाए। चारधाम यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य, पेयजल, शौचालयों एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रखी जाएं। चारधाम यात्रा के पैदल मार्गों पर घोड़े-खच्चरों के लिए गर्म पानी की व्यवस्था के साथ ही पशुपालन विभाग से डॉक्टरों की टीम की पूरी व्यवस्था रखी जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि चारधाम यात्रा के बेहतर संचालन के लिए यात्रा शुरू होने से पूर्व अधिकारी धरातल पर जाकर कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें। चारधाम यात्रा मार्गों के आस-पास के मन्दिरों एवं धार्मिक स्थलों का भी व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि श्रद्धालु चारधाम यात्रा के साथ इन धार्मिक स्थलों के भी दर्शन कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया है कि अपने यात्रा खर्च का 05 प्रतिशत खर्च स्थानीय उत्पादों को खरीदने में करें, जिससे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा। इसके लिए चारधाम में किन स्थानीय उत्पादों को प्रमोट किया जा सकता है, इस दिशा में प्रयास किये जाएं। मिलेट पर आधारित उत्पादों को भी चारधाम यात्रा के दौरान प्रमोट किया जाए। बैठक में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, प्रेम चंद अग्रवाल, चंदन राम दास, बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेन्द्र अजय, विधायक भरत चौधरी, मती शैला रानी रावत, दुर्गेश्वर लाल, मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिवगण, संबंधित विभागों के विभागाध्यक्ष एवं वर्चुअल माध्यम से संबंधित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।


## बदरीनाथ व केदारनाथ धाम के लिए ऑनलाईन पंजीकरण शुरू

देहरादून। उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा के लिए इस वर्ष भी पंजीकरण की व्यवस्था रहेगी। तीर्थयात्री, आनलाइन व आफलाइन दोनों माध्यम से पंजीकरण कर सकेंगे। प्रशासन ने बदरीनाथ व केदारनाथ धाम के लिए आनलाइन पंजीकरण खोल दिए हैं। जबकि गंगोत्री व यमुनोत्री के कपाट खुलने की तिथि विधिवत घोषित होने के बाद इन धामों के लिए आनलाइन पंजीकरण शुरू किया जाएगा। चारधाम यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों के उत्साह का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आनलाइन पंजीकरण खुलने के साथ ही पहले दिन शाम साढ़े पांच बजे तक 31565 तीर्थयात्री आनलाइन पंजीकरण करा चुके थे। जिसमें बदरीनाथ के लिए 14294 व केदारनाथ 17088 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराए। वर्ष 2013 की आपदा के बाद चारधाम यात्रा को लेकर सरकार ने कई बदलाव किए हैं। आपदा के बाद वर्ष 2016 में चारधाम यात्रा के लिए फोटो मैट्रिक पंजीकरण की व्यवस्था शुरू कर दी गई थी। वर्ष 2020 व 2021 में कोरोना महामारी के कारण चारधाम यात्रा प्रभावित रही। जबकि विगत वर्ष 2022 में रिकार्ड संख्या में तीर्थयात्री चारधाम यात्रा के लिए पहुंचे। विगत वर्ष भी चारधाम यात्रा के लिए आनलाइन व आफलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की गई थी। इसके लिए उत्तराखंड टूरिज्म, देहरादून स्मार्ट सिटी पोर्टल तथा टूरिस्ट केयर उत्तराखंड की वेबसाइट पर आनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। इस वर्ष 25 अप्रैल को केदारनाथ व 27 अप्रैल को बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि निर्धारित हो चुकी है। जबकि गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि अभी अधिकारिक तौर पर घोषित नहीं की गई है। हालांकि गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट परंपरानुसार अक्षय तृतीय तिथि को खोले जाते हैं, इस वर्ष 22 अप्रैल को अक्षय तृतीय पर्व है।

# उत्तराखंड के एआईसीसी सदस्यों की सूची जारी

## एआईसीसी की सूची में 28 निर्वाचित, 11 अनुमेलित और चार पदेन सदस्यों के नाम शामिल ,पांच विधायकों सहित कई दिग्गज नेताओं के नाम बाहर











देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से 43 अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) सदस्यों की सूची जारी की गई है। सूची में 28 निर्वाचित, 11 अनुमेलित (को-ऑपटेड) और चार पदेन सदस्यों के नाम शामिल हैं। उत्तराखंड से एआईसीसी सदस्यों के नामों की सूची की लंबे समय से प्रतीक्षा की जा रही थी। अब पार्टी की ओर से 24-25 फरवरी को छत्तीसगढ़ के रायपुर में होने वाले राष्ट्रीय महाअधिवेशन से ठीक चार दिन पहले सूची जारी की है। सूची में तमाम दिग्गजों को जगह दी गई है, वहीं कुछ नाम ऐसे हैं, जिनकी सूची में जगह पक्की मानी जा रही थी, लेकिन वह छूट गए। पार्टी के 19 विधायकों में 13 को निर्वाचित सदस्यों की सूची में स्थान दिया गया है, जबकि एक विधायक को अनुमेलित सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है। वहीं, पांच विधायकों के नाम सूची में नहीं हैं। पार्टी सूत्रों की मानें तो निर्वाचित सदस्यों के तौर पर उत्तराखंड पीसीसी की ओर से 40 नाम भेजे गए थे, लेकिन इनमें से 28 नामों को ही सूची में शामिल किया है। पार्टी संविधान के तहत आठ पीसीसी सदस्यों के अनुपात में एक एआईसीसी सदस्य बनाने का प्राविधान है, जबकि अनुषांगिक संगठनों के प्रदेश अध्यक्ष स्वतः ही इस सूची में स्थान पाते हैं। ऐसे में उत्तराखंड से कई बड़े नेताओं के सूची से नाम गायब होने से उनमें नाराजगी भी सामने आने लगी है। निर्वाचित (इलेक्टेड) सदस्यों में करन माहरा, यशपाल आर्य, हरीश रावत, प्रीतम सिंह, गणेश गोदियाल, काजी निजामुद्दीन, प्रदीप टम्टा, प्रकाश जोशी, मनोज तिवारी, हरीश धामी, ममता राकेश, फुरकान अहमद, राजेंद्र भंडारी, विक्रम सिंह नेगी, रवि बहादुर, सुमीत हृदयेश, आदेश चौहान, भुवन कापड़ी, विरेंद्र जाति, रंजीत सिंह रावत, हीरा सिंह बिष्ट, हरक सिंह रावत, मनीष खंडूड़ी, सूर्यकांत धस्माना, गुरदीप सिंह सप्पल, ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी, आर्येंद्र शर्मा, वैभव वालिया हैं। अनुमेलित (को-ऑपटेड) सदस्यों में एआईसीसी की अनुमेलित सदस्यों की सूची में शूरवीर सिंह सजवाण, अनुपमा रावत, मथुरा दत्त जोशी, विजय सारस्वत, मनोज रावत, ललित फर्स्वाण, अनुपमा शर्मा, राजपाल बिष्ट, गरिमा दसौनी, सरोजनी कैंतुरा और इशिता सेढ़ा का नाम शामिल है। सूची में चार पदेन सदस्यों को शामिल किया गया है। इनमें से दो को निर्वाचित, जबकि दो को अनुमेलित सदस्य बनाया गया है। निर्वाचित सदस्यों में प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्र भुल्लर और प्रदेश महिला कांग्रेस ज्योति रौतेला हैं। वहीं, सेवादल की प्रदेश अध्यक्ष हेमा पुरोहित और एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी को अनुमेलित सदस्य के तौर पर पदेन सदस्यों में शामिल किया गया है। एआईसीसी सदस्यों की सूची में पांच विधायकों तिलक राज बेहड़, मदन बिष्ट, मयूख महर, खुशाल सिंह अधिकारी और गोपाल राणा का नाम भी शामिल नहीं है। इसके अलावा गोविंद सिंह कुंजवाल, दिनेश अग्रवाल, सुरेंद्र सिंह नेगी, प्रो. जीत राम, विजयपाल सजवाण, राजकुमार जैसे वरिष्ठ नेताओं के नाम भी शामिल नहीं हैं।

## एआईसीसी की सूची जारी होते ही कांग्रेस में सियासी घमासान शुरू

देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस में एआईसीसी की सूची जारी होते ही सियासी घमासान शुरू हो गया। सूची में कई वरिष्ठ नेताओं के नाम गायब हैं तो कुछ ऐसे नाम शामिल किए गए हैं, जिनका यहां से कोई सरोकार नहीं है। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उन्हें जिम्मेदार बताया है। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा है कि जिन नेताओं के नाम एआईसीसी में शामिल नहीं हुए उनको प्रदेश कांग्रेसकमेटी में शामिल किया जायेगा। महारा ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि पूर्व में घोषित सूची में 28 नाम थे तब कई नेताओं के नाम छूट गये थे। अब प्रदेश प्रभारी ने पार्टी में संतुलन स्थापित करने का काम किया है। वहीं दूसरी तरफ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह के अनुसार, प्रभारी ऐसा करके उत्तराखंड में कांग्रेस को कमजोर करने का काम कर रहे हैं। सूची में उत्तरकाशी और चंपावत जिला पूरी तरह से नदारद है। दोनों जिलों के किसी भी नेता को सूची में स्थान नहीं दिया गया है। सूची जारी करने से पहले प्रभारी की ओर से किसी से सलाह मशविरा नहीं किया गया। कहा यह निर्णय हमारे गले से नीचे नहीं उतर रहा है। पार्टी के तमाम साथी सूची को लेकर सवाल उठा रहे हैं। कहा, समय आने पर वह राष्ट्रीय नेतृत्व के सामने अपनी बात रखेंगे। सूची में शामिल गुरदीप सिंह सप्पल का नाम लेते हुए प्रीतम ने कहा, उनका उत्तराखंड की राजनीति से कोई सरोकार नहीं है, फिर भी उनका नाम है। प्रीतम ने कहा, प्रभारी देवेंद्र यादव अपनी मर्जी से ही पार्टी चलाना चाहते हैं। वह खुद एक पार्टी बने हुए हैं। वह अपने दायित्व का निर्वहन नहीं कर रहे हैं। एक पक्षीय निर्णय लेकर पार्टी को कमजोर करने का काम कर रहे हैं। उनके कृत्यों से कार्यकर्ता हतोत्साहित हैं। प्रीतम ने कहा, आने वाले समय में कैंट बोर्ड, निकाय और फिर लोकसभा के चुनाव होने हैं। इस वक्त जब प्रभारी को चुनावों के मद्देनजर यहां आकर कार्यकर्ताओं से बात करनी चाहिए, तब वह दिल्ली में बैठकर तुगलकी फरमान जारी कर रहे हैं।

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S., PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S., (Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave, Near ICON School, Sidcul-Bigwara Road, Rudrapur, U.S. Nagar

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# भ्रष्टाचार की खुल सकती है पोल

## जीबी पंत इंटर कॉलेज से दस्तावेज गायब होने के प्रकरण में खंड शिक्षा अधिकारी की भूमिका संदिग्ध धोखाधड़ी व वित्तीय अनियमितता की जांच को भटकाया जा रहा, प्रधानाचार्य से सांठगांठ हुई उजागर

–मनोज श्रीवास्तव–

काशीपुर। गोविंद बल्लभ पंत इंटर कॉलेज की अलमारी से गायब हुए महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं फाइलों के मामले में उच्च स्तरीय जांच के आदेश पारित किए गए हैं। महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा बंशीधर तिवारी ने संयुक्त निदेशक को भेजे पत्र में मामले को गंभीर माना। भेजे पत्र में उन्होंने बताया कि पंडित गोविन्द बल्लभ पंत इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अजय शंकर कोशिक द्वारा पीटीए फंड में धांधली की जाती रही है। इस फंड के द्वारा जितनी भी नियुक्तियां की गयी हैं, वे सभी बिना किसी मीटिंग, साक्षात्कार और अध्यक्ष राजकुमार अरोरा को बिना बताये की गयी हैं। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा पूर्व में गठित जांच समिति की चर्चा करते हुए कहा कि पूरे प्रकरण में खंड शिक्षा अधिकारी आर एस नेगी की भूमिका पूरी तरह संदिग्ध है। खंड शिक्षा अधिकारी ने जांच को प्रभावित करते हुए प्रकरण को प्रबन्ध समिति व प्रधानाचार्य विवाद दर्शाया गया है। जबकि यह विवाद प्रधानाचार्य अजय शंकर कौशिक व अन्य अध्यापक के मध्य था। पत्र में यह भी बताया गया कि यह जांच विद्यालय प्रबन्ध समिति व प्रधानाचार्य की जांच न होकर प्रधानाचार्य की पीटीए फण्ड में की गयी वित्तीय अनियमित्ता की जांच और प्रधानाचार्य के सुपुत्र के नियम विरूद्ध परीक्षा देने व पास करने से सम्बन्धित है। बताया गया कि खंड शिक्षा अधिकारीआर०एस० नेगी द्वारा इस धोखाधड़ी व वित्तीय अनियमितता की इस जांच के मूल उद्देश्य को विलोपित कर जांच का उद्देश्य ही परिवर्तित कर दिया है। इसके अलावा जांच अधिकारी / खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया था प्रधानाचार्य, पं०गो०ब० पन्त इण्टर कालेज काशीपुर को सम्बन्धित पत्रावली को पुनः खोजने एवं नहीं मिलने की स्थिति में तत्काल नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु आदेशित करें, किन्तु इसका पालन इनके द्वारा नहीं किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी / जांच अधिकारी यहां 2017 से कार्यरत हैं। प्रधानाचार्य व जांच अधिकारी का सम्बन्ध अत्यधिक घनिष्ठ हैं व खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा अपने कार्यालय से सम्बन्धित कार्यों में अन्य प्रधानाचार्यों की अपेक्षा अजय शंकर कौशिक को अत्यधिक महत्व देते रहे। प्रधानाचार्य के बयान से स्पष्ट है कि उन्होंने अपने पुत्र की परीक्षा की अनुमति खण्ड शिक्षा अधिकारी / वर्तमान जांच अधिकारी से अनुमति प्राप्त कर बाद में परीक्षा करवायी। कोई भी अधिकारी अपने द्वारा दी गयी अनुचित अनुमति की जांच कैसे कर सकता है। उपरोक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी, को जांच अधिकारी बनाये जाने की नियुक्ति निरस्त कर उच्च स्तरीय (कम से कम तीन सदस्य या अधिक) का गठन करके निष्पक्ष जांच कराने का अनुरोध किया है। विगत 17 फरवरी को महानिदेशक द्वारा इस प्रकरण में जाँच अधिकारी नियुक्त कर आदेश दिए गए। गत दिवस जाँच अधिकारी ने कॉलेज में प्रबंधक से बातचीत की और सभी साक्ष्य का संज्ञान लिया। कुछ अध्यापको के बयान भी उनके सामने दर्ज हुए।

### बीआरसी को बना दिया दलालों का अड्डा

खंड शिक्षा अधिकारी आर एस नेगी के बारे में क्षेत्रीय लोगों की राय भी कमोवेश ठीक नहीं है। सूत्रों का कहना है कि अपने पांच वर्ष से भी अधिक के कार्यकाल में बीआरसी को दलालों का अड्डा बना दिया। यूनियन बाजी के कारण शिक्षा का स्तर नेगी के कार्यकाल में काफी गिरा माना जा रहा है। बीआरसी में बैठने वाला एक तथाकथित शिक्षकों का नेता पिछले कुछ समय से खंड शिक्षा अधिकारी की दलाली में लिप्त बताया जा रहा है। जानकारों का कहना है कि यदि आर एस नेगी के काशीपुर में पदस्थ होने के बाद से संपूर्ण कार्यकाल की बारीकी से जांच की जाए तो भ्रष्टाचार से जुड़े तमाम चौकानेवाले मामले उजागर हो सकते हैं।

### कराई जाए उच्चस्तरीय जांच

खंड शिक्षा अधिकारी आर एस नेगी नियम कायदों को ताक पर रखकर लीक से हटकर काम कर रहे हैं। हकीकत सामने आने के बाद लोगों की राय में ऐसे अधिकारी को तत्काल प्रभाव से हटा ही नहीं देना चाहिए वरन उनके क्रियाकलापों की उच्च स्तरीय जांच भी कराई जानी चाहिए। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े जिम्मेदार अधिकारी की संलिप्तता से समाज के बीच इसका संदेश ठीक नहीं जाता । अब तो पूरी तरह से यह साफ हो गया है कि खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए पूर्व प्रधानाचार्य कौशिक के गलत कार्य में सहभागिता की। उन्होंने हठधर्मिता की सभी हदें पार करते हुए विभाग को भी गुमराह करने का प्रयास किया।

# छात्रवृत्ति घोटाले में संयुक्त निदेशक समेत 101 अधिकारियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

रूद्रपुर। छात्रवृत्ति घोटाले में समाज कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक और उप निदेशक समेत 101 सरकारी अधिकारियों के खिलाफ एसआईटी ने चार्जशीट दाखिल कर दी है। 11 अधिकारियों के खिलाफ अभी विवेचना चल रही है जबकि 12 अन्य के खिलाफ विवेचना और मुकदमे के लिए शासन से अनुमति मांगी गई है। एसआईटी ने भ्रष्टाचार अधिनियम, धोखाधड़ी और सरकारी पैसे के गबन के आरोप में चार्जशीट दाखिल की है। सितंबर 2017 में प्रदेश में करोड़ों रुपये के छात्रवृत्ति घोटाले का खुलासा हुआ था। सैकड़ों शिक्षण संस्थानों ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत कर एससी–एसटी वर्ग के छात्रों का फर्जी तरीके से दाखिला दर्शाया था। उनके नाम से शिक्षण संस्थानों को छात्रवृत्ति भेजी गई। इसके बाद अधिकारियों और शिक्षण संस्थानों के मालिकों ने इस छात्रवृत्ति के सैकड़ों करोड़ रुपये की आपस में बंदरबांट कर ली। प्रकरण की जांच के लिए वर्ष 2019 में आईपीएस मंजूनाथ टीसी के नेतृत्व में हरिद्वार में एक एसआईटी का गठन किया गया। जांच के दौरान एसआईटी ने एक के बाद एक हरिद्वार और देहरादून में कुल 83 मुकदमे दर्ज किए गए। इसके बाद शुरू हुआ गिरफ्तारियों का दौर। शिक्षण संस्थानों के मालिकों और सरकारी अधिकारियों को सलाखों के पीछे भेजा गया। जांच में समाज कल्याण विभाग के 124 अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम सामने आए। एसआईटी ने 112 अधिकारियों को नामजद किया था। एसआईटी से मिली जानकारी के अनुसार, इन मुकदमों की विवेचना लगभग पूरी हो चुकी है। इन अधिकारियों और कर्मचारियों में से 101 के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। एसआईटी ने भ्रष्टाचार अधिनियम की धारा 13, आईपीसी–420 यानी धोखाधड़ी और सरकारी पैसे का गबन यानी आईपीसी–409 के तहत चार्जशीट स्पेशल जज भ्रष्टाचार अधिनियम की कोर्ट में भेजी है। एसआईटी ने 51 मुकदमे हरिद्वार और 32 मुकदमे देहरादून में दर्ज किए थे। इनमें कुल 135 शिक्षण संस्थानों के 161 मालिकों और प्रबंधकों के नाम सामने आए थे। शिक्षण संस्थानों में 78 देहरादून के और 57 हरिद्वार के शामिल हैं। एसआईटी ने इन शिक्षण संस्थानों के इन 161 मालिकों और प्रबंधकों के खिलाफ भी विभिन्न न्यायालयों में चार्जशीट दाखिल कर दी है। इनके खिलाफ धोखाधड़ी के साथ- साथ जालसाजी की धाराएं भी लगाई गई हैं।

# पूर्व विधायक शुक्ला ने सीएम से की मुलाकात

किच्छा(उद संवाददाता)। देहरादून में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने मुलाकात की। इस दौरान सिरौली कला को अलग नगर पंचायत का दर्जा देने एवं किच्छा विधानसभा क्षेत्र से जुड़े तमाम जनहितैषी मुद्दों व समस्याओं के समाधान हेतु विस्तृत चर्चा की।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सिरौली कला को अलग नगर पंचायत का दर्जा देने, किच्छा में बनने वाले एम्स के निर्माण की प्रक्रिया अति शीघ्र शुरू कराने, निर्माणाधीन हाईटेक बस अड्डे का निर्माण तय समय सीमा में पूर्ण कराने, अटरिया सिडकुल से आनंदपुर तक मार्ग का चौड़ीकरण कराने एवं विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नजीमाबाद को राजस्व ग्राम का दर्जा देने समेत क्षेत्र के तमाम जनहित के मुद्दो पर विस्तृत चर्चा की। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला द्वारा किच्छा क्षेत्र के जनहित के सभी विषयों पर विस्तृत चर्चा की एवं



समाधान हेतु सुझाव लिए। कहा की प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के प्रदेश सरकार जनहित के लिए कार्य कर रही है, किच्छा भी विकास से अछूता नहीं रहेगा, किच्छा में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित समस्त विकास की योजनाओं को पूरा किया जाएगा। कहा की जल्दी ही सिरौली कला को अलग नगर पंचायत का दर्जा देने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# हिंदू संगठनों ने निकाली पद यात्रा

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारत देश को हिंदू राष्ट्र बनाने को लेकर बागेश्वर धाम के आचार्य धीरेंद्र शास्त्री द्वारा चलाए जा रहे अभियान के समर्थन में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल ने पद यात्रा निकाली। डॉ. आरके महाजन की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के कार्यालय से रैली शुरू होकर हजारी लाल पेट्रोल पंप से होते हुए मुख्य मार्ग पहुंची। रैली में नगर के विभिन्न हिंदू



संगठनों ने सहभागिता निभाई व देश को हिंदू राष्ट्र बनाने को लेकर अपना पूर्ण समर्थन दिया। रैली में 'जय श्री राम'के जयकारों के साथ भगवा ध्वज को हाथों में लेकर रैली निकाली गई, जिससे नगर राममय हो गया। इस दौरान डॉ.महाजन ने कहा कि भारत देश को हिंदू राष्ट्र बनाना अति आवश्यक है एवं देश को हिंदू राष्ट्र बनाना है तो हिंदू समाज के लोगो को एकजुट होना होगा, जिससे बागेश्वर धाम के आचार्य धीरेंद्र शास्त्री की मुहिम देश को हिंदू राष्ट्र बनाने को सकारात्मकता मिल पाएगी। इस मौके पर रमेश कंबोज, अमित ढींगरा,मुकेश फौगाट, राजकुमार, हरचरण सिंह, गोपाल कश्यप सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# नये शिक्षा सत्र में बांग्ला भाषा लागू करवाने के लिए जनजागरण अभियान शुरू किया

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। आंचलिक बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष और श्रीमद् भागवत कथा व्यास आचार्य रामचन्द्र राय ने एक बार फिर बांग्ला भाषा को नवीन शिक्षा सत्र 2023 में लागू करवाने के लिए जन जागरण अभियान शुरू करते हुए गांव गांव में पहुंचकर लोगो को बांग्ला भाषा की पुस्तक देते हुए शासन प्रशासन से लोगो को अपने स्तर से मांग करने की अपील कर रहे हैं। राम चंद्र राय अपने वाहन में बैनर पोस्टर लगाकर गांव गांव घूम रहे है जिससे लोगो को जागरूक किया जाए।उन्होंने कहा तहसीलदार से लेकर राष्ट्रपति



महोदय तक उन्होंने विभिन्न माध्यमों से ज्ञापन सौंपा।उन्होंने कहा उत्तराखण्ड में निवास कर रहे बंगाली बाहुल्य क्षेत्रों के प्रत्येक विद्यालय में इसी सत्र में बांग्ला भाषा लागू किया जाए एवम बंगाली समाज को आरक्षण दिया जाए। राम चंद्र राय ने कहा की न तो उन्हें इसका क्रेडिट चाहिए न किसी भी प्रकार की ख्याति बस बंगाली समाज को हक मिले। आंचलिक बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष राम चंद्र राय ने कहा यदि नवीन शिक्षा सत्र 2023- 2024 में बांग्ला भाषा लागू नहीं किया जायेगा तो वे अनशन करने के लिए बाध्य होंगे,जरूरत पड़ने पर आमरण अनशन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

# गैरसैंण विधानसभा में बजट सत्र का होगा लाईव प्रसारण

देहरादून। ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में 13 मार्च से प्रारंभ होने वाले विधानसभा के बजट सत्र के लिए विधानसभा सचिवालय तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है। पिछले सत्रों की भांति बजट सत्र का भी लाइव प्रसारण किया जाएगा। यानी, प्रदेश के किसी भी कोने से लोग बजट सत्र को लाइव देख सकेंगे। इसके साथ गैरसैंण में भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा भवन के सभामंडप में सदन की कार्यवाही भी अब स्पष्ट रूप से सुनाई देगी। इसके लिए साउंड सिस्टम को दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया गया है। यही नहीं, बजट सत्र के लिए प्रश्न लगाने में विधायक काफी रुचि ले रहे हैं। विधानसभा को अब तक मिल चुके 52 9 प्रश्न इसका उदाहरण है। गैरसैंण में भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा भवन में मार्च 2020 के बाद से कोई सत्र आयोजित नहीं हुआ। विपक्ष ने कुछ समय पहले वहां सत्र का आयोजन न होने को मुद्दा बनाया था। सरकार ने पिछले वर्ष देहरादून में हुए शीतकालीन सत्र के दौरान सदन में घोषणा की थी कि बजट सत्र ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में होगा। 15 फरवरी को हुई कैबिनेट की बैठक में बजट सत्र गैरसैंण में 13 से 18 मार्च तक आयोजित करने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई थी। इसके साथ ही विधानसभा अब गैरसैंण में सत्र की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गई है। भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा भवन के सभामंडप में सदन की कार्यवाही के दौरान आवाज गूंजती है। ऐसे में वहां स्पष्ट रूप से सुनाई नहीं देता। पूर्व में वहां हुए सत्रों के दौरान विधायकों के साथ ही विपक्ष भी यह विषय उठा चुका है। इसे देखते हुए विधानसभा ने जैम पोर्टल के जरिये टेंडर आमंत्रित कर सभामंडप के साउंड सिस्टम को दुरुस्त कराने की कार्रवाई शुरू कर दी है।




# फ्लेक्स फूड्स के प्रबंध निदेशक विवेक बाली ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में फ्लेक्स फूड्स के प्रबंध निदेशक विवेक बाली ने मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को जानकारी दी कि कम्पनी द्वारा सगंध पौधों, जड़ी- बूटियों और मसालों के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अवगत कराया कि उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों के 650 प्रगतिशील किसानों के साथ मिलकर नवीनतम कृषि तकनीकों के माध्यम से कॉन्ट्रेक्ट फॉर्मिंग की जा रही है, जिससे किसानों को आर्थिक लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर उन्होंने अपने उत्पाद भी प्रदर्शित किए। श्री बाली द्वारा बताया गया कि इन सभी उत्पादों को विदेशों में निर्यात किया जा रहा है, जिससे किसानों को काफी आर्थिक लाभ मिल रहा है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में जड़ी-बूटियों, मसालों और सगंध पौधों के व्यावसायिक उत्पादन की पर्याप्त संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि जड़ी-बूटियों और मसालों से प्रदेश में आर्थिक समृद्धि ला सकते हैं। राज्यपाल ने श्री बाली से कहा कि इस कार्य के साथ अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने का प्रयास किया जाए साथ ही स्वयं सहायता समूहों और पूर्व सैनिकों को भी इससे जोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि कम्पनी के साथ जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर और औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय भरसार के साथ बैठक कर कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इस अवसर पर प्रगतिशील किसान अशोक सिंह, गुरदीप सिंह और ओंकार सिंह उपस्थित रहे।



# एडीसी पीरामल फाउंडेशन के कार्यों की समीक्षा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आकांक्षी जनपद कार्यक्रम के अंतर्गत एडीसी/पीरामल फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने उत्तराखंड में नीति आयोग की सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से आकांक्षी जनपद कार्यक्रम के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। जिसमें जिले के समस्त ब्लॉक में कन्वर्जेंस मीटिंग और कम्यूनिटी इमेरसन प्रक्रिया के बारे में फैलोज के द्वारा अनुभव साझा किया गया। ब्लॉक रुद्रपुर से मलसी, ब्लॉक गदरपुर से खटोला, ब्लॉक सितारगंज से कैथुलिया और बाजपुर से हजीरा गांव में गांधी फैलो 20 दिन तक रहे। स्वास्थ शिक्षा, स्वच्छता और सुरक्षा पर बात की गई। जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि जिन विद्यालय परिसर में जिन लोगों द्वारा कूड़ा आदि डाला जा रहा है उनके खिलाफ कार्यवाही करें व वाउंड्री वॉल हेतु प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा जी, मुख्य शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र आर्य , जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी नफील जमील सहित पिरामल फाउंडेशन/एडीसी से डिस्ट्रिक लीड आशीष भटनागर, प्रोग्राम लीड शुएब अहमद और गांधी फैलोज प्रियंका ठाकुर, दिव्या नेगी, स्वप्निल जाधव अहमर परवेज आदि उपस्थित रहे।



# श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में

## खटीमा मेंसजा श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार

खटीमा (उद संवाददाता)।श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार श्री अश्वनीअग्रवाल, वार्ड नंबर-6, कृष्णा टॉकीज के सामने, टनकपुर रोड, खटीमा में सजाया गया। जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने दरबार मेंपहुंचकर अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा, आज मंगलवार है महावीर का वार है सच्चे मन से जो कोईगावे उसका बेड़ा पार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल का परिवार द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागतकिया गया। महंत जी ने याही में भागवत याही में गीता, जलती रहे घाटे वाले ज्योत तेरी जलती रहे, जो प्रेम से बोलेगा मेरे बाबा के जयकारे भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवं सभी भक्तों ने दूतमहाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। वही भजनों की श्रृंखला में सचिन मुरली ने बजरंग के आते आते, अजय जायसवाल ने दुनिया से मैं हारा तो आया तेरे द्वार, बिट्टू अरोरा ने श्री राम जानकी बैठे है मेरे सीने में, आयुष अरोरा ने मेरी कुटिया के भाग खुल जाएँगे बाबा आयेंगे, शिव कुमार ने रखवाला प्रतिपाला मेरा लाल लंगोटे वाला, पीयूष गोयल ने जरा घूमने तो घाटे चलिये, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझकोसमझना, पवन खेड़ा ने चलो दर्शन को मेंहदीपुर चलिये, विनोद रस्तोगी ने आया मैं आया बजरंग बाला आया, राजेश अग्रवाल ने इतनी कृपा बालाजी बनाये रखना, अंशु रस्तोगी ने जय जय जय जय हनुमान जी राम राम आदि भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबाकी आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर खरैत कुमार, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, आयुष अरोरा, धर्मवीर चौधरी, अजय जायसवाल, पवन खेड़ा, लवी अरोरा, बिट्टू अरोरा, सौरभ अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, ईश्वर अग्रवाल, मोनू अग्रवाल, विनोद रस्तोगी, राहुल रस्तोगी, राजेश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, अमित अग्रवाल, नीरज भागव, अंशु रस्तोगी, आयुष रस्तोगी, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैंकड़ों भक्त मौजूद थे।





# आठ मददगार लोगों को पुलिस ने किया सम्मानित

बागेश्वर (उद संवाददाता)। जिले में कभी कोई दुर्घटना या कोई अन्य जरूरी आपातकार्य होने पर पुलिस को समय से सूचना देने और दुर्घटना के समय घायलों को सहयोग से मदद देने वालों को पुलिस सम्मानित करेगी,घटना के समय अब लोगों को किसी भी घायल को आवश्यक सहयोग देने पुलिस कार्रवाई के भय के बजाय उन्हें मानवीय सेवा करने पर सम्मानित किया जाएगा,वही जिले में अलग अलग दुर्घटनाओं में घायलों को रेस्क्यू कर दुर्घटना की सूचना पुलिस को देने और घायलों की मदद करने वाले आठ लोगों को एसपी हिमांशु वर्मा ने सम्मानित किया। गुड सेमेरिटन (एक नेक व्यक्ति) सम्मान मिलने पर सभी लोगों द्वारा पुलिस काआभार जताया पुलिसअधीक्षक ने गडेरा कपकोट निवासी सुरेश सिंहगड़िया,सरन कपकोटनिवासीराजेन्द्रकठायत,ककड़धर बैजनाथ निवासी चन्दना पाण्डे,हरीश सिंह बड़ैत कपकोट,राहुल सिंह नौघर बैजनाथ,विनोद सिंह सिमार निवासी बैजनाथ,विनोद चन्द्र हरिद्वारछिना बैजनाथ,महेश कुमार,रवांईखाल निवासी को सम्मानित किया गया।पुलिस अधीक्षक हिमांशु वर्मा द्वारा सभी लोगों से कभी भी दुर्घटना या कोई भी आपात स्थिति में आमजन से पुलिस को समय से सूचित करने मानवीयता का परिचय देते हुए घायलों की मदद करने,और मित्रपुलिस का सहयोग करने की अपील की।



# मिलावटखोरों के खिलाफ करें सख्त कार्यवाही

## जिलाधिकारी ने कानून एवं शान्ति व्यवस्था,राजस्व और आबकारी और एआरटीओ विभाग की समीक्षा बैठक में दिये सख्त दिशा निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त की अध्यक्षता में मंगलवार को मासिक स्टाफ बैठक डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कानून एवं शान्ति व्यवस्था की समीक्षा के दौरान ज्यादातर मामलों में गवाहों के मुकर जाने को गभींरता से लेते हुए पुलिस विभाग को निर्देश दिये कि एफआईआर दर्ज करने के पश्चात प्रिन्ट आउट पर एफआईआर दर्ज कराने वाले व्यक्ति के साइन अवश्य करायें और मुकदमे के दौरान बयान बदलने एवं मुकरने पर सम्बन्धित के खिलाफ धारा 182 के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया जाये। जिलाधिकारी ने निचले स्तर पर रिहाई के मामलों में से अपील योग्य मामलों की संख्या तथा की गई अपीलों की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश संयुक्त निदेशक विधि को दिये। जिलाधिकारी ने तड़ीपार किये गए व्यक्तियों की गतिविधियों पर भी नजर रखने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस विभाग के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गरीब से गरीब व्यक्ति की जमीन पर कोई भी व्यक्ति कब्जा न कर सके। जिलाधिकारी ने राजस्व न्यायालयों में लम्बित वादो की तेजी से सुनवाई करते हुए गुणवत्तापूर्वक निस्तारित करने के निर्देश सभी उप जिलाधिकारियों तथा तहसीलदारों को दिये। जिलाधिकारी ने राजस्व वादो के तेजी से निस्तारण हेतु चैक लिस्ट तैयार करने के निर्देश डीजीसी राजस्व को देते हुए कहा कि चैक लिस्ट को फाइल का हिस्सा माना जायेगा। जिलाधिकारी ने स्टाम्प समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि स्टाम्प शुल्क का निर्धारण भूमि की वास्तविक स्थिति के अनुसार किया जाये। जिलाधिकारी ने भूमि खरीदने-बैचने वाले व्यक्तिों की ई-मेल आईडी पर सॉफ्ट कॉपी भेजने हेतु सॉफ्टवेयर में व्यवस्था कराने का प्रस्ताव शासन में भेजने के निर्देश एआईजी स्टाम्प को दिये। जिलाधिकारी ने चकबन्दी कार्य की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि सरकारी सम्पत्ति मिलान कार्य में सम्बन्धित तहसीलों के लेखपालो कों भी शामिल किया जाये।



जिलाधिकारी ने खनन विभाग की समीक्षा के दौरान खनन विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि अवैध खनन के खिलाफ निरंतर क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाये ताकि किसी प्रकार अवैध खनन न हो। उन्होने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। उन्होने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि यदि कही रिवर ट्रेनिंग करने की आवश्यता है तो प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करें। उन्होने आबकारी विभाग की समीक्षा के दौरान अवैध शराब के खिलाफ निरंतर छापेमार की कार्यवाही करने के निर्देश आबकारी विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होने आबकारी अधिकारी को निर्देश देते हुये कहा कि आबकारी के अन्तर्गत न्यायालय व वर्ष वार लम्बित वादों की सूची तैयार कर आगामी बैठक से पूर्व प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने आरटीओ विभाग की समीक्षा के करते हुये एआरटीओ को निर्देश दिये कि व्यवसायिक बडे वाहनों में जीपीएस लगाने हेतु मुख्यालय स्तर पर वार्ता कर अवगत कराये। उन्होने एआरटीओ को निर्देशितकरते हुये कहा कि कृषि कार्य हेतु लिये गये ट्रेक्टर, ट्रालियों से यदि कोई खनन या व्यवसायिक कार्य करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होने ओवर लोड, डग्गामार व गलत साईड वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश एआरटीओ को दिये। जिलाधिकारी ने अभिहित अधिकारी को निर्देश दिये कि खाद्य पदार्थो की निरंतर सैम्पलिंग करते रहे व मिलावटखोरो के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। उन्होने राज्य कर विभाग की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुये वसूली में तेजी लाते हुये लक्ष्य को सतप्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बैठक में ट्रेनी आईएएस अनामिका, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, एसपी क्राइम चन्द्रशेखर, उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, सीमा विश्वकर्मा, रविन्द्र बिष्ट, अभय प्रताप सिंह, कौस्तुभ मिश्रा, राकेश तिवारी, तुषार सैनी, उप निदेशक खनन दिनेश कुमार सिंह, जेडी विधि डीएस जंगपांगी, तहसीलदार यूसुफ अली, नीतू डागर सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# रिंग रोड के निर्माण कार्य मे लायें तेजी:शिव अरोरा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा नेशनल ऑथरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों के साथ अपने कैम्प कार्यालय पर बैठक की। वही बैठक के दौरान एनएच द्वारा चल रहे कार्य के सन्दर्भ में विधायक शिव अरोरा ने विस्तारपूर्वक अधिकारियों संग चर्चा वार्ता की। विधायक ने बताया कि यह रिंग रोड भमरोला से एनएच 74 से प्रारंभ होते हुए डिबडिबा कोलाड़िया होते हुए सिडकुल पारले चोक हाईटेंशन लाइन के पास से पंतनगर रोड एनएच 87 पर जाकर मिलेगा। जिसमे मौजूदा समय में जमीन अधिग्रहण को लेकर नोटिफिकेशन का कार्य पूर्ण हो गया है और इसके टेंडर की प्रक्रिया का कार्य प्रगति पर है। अरोरा ने विभागीय अधिकारियों को कहा टेंडर कार्य अगले माह पूर्ण होते ही इसके निर्माण के कार्य मे तेजी लाना सुनिश्चित करे। अरोरा ने कहा रिंग रोड 21. 4 किलोमीटर का होगा ओर इसके कार्य आरंभ होते ही निश्चित रूप से आने वाले समय रुद्रपुर शहर में लगने वाले बड़े वाहनों के जाम ओर आये दिन इनसे होने वाली दुर्घटना में कभी कमी आयेगी। बैठक में विधायक शिव अरोरा ने इंद्रा चोक से डीडी चौक के बीच लगने वाले जाम को लेकर भी अधिकारियों से वार्ता की जिसमे विभाग को कहा गया इंद्रा चौक से डीडी चौक तक मौजूदा समय मे डिवाडर के दोनों ओर 7 - 7 मीटर रोड है जिसमे 2 मीटर ओर बड़ा के 9 - 9 मीटर कर दिया जाये। जिसपर विभाग द्वारा सहमति जताते हुए कहा कि उनके द्वारा रोड के दोनों ओर 2 - 2 मीटर की इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने का कार्य अगले एक माह में टेंडर करवा के शुरू कराने हेतु प्रयास किया जायेगा। विधायक ने शहर की बढ़ती आबादी और रुद्रपुर दोनो एनएच पर चलने वाले ट्रैफिक को देखते हुए छः स्थानों पर फुटओवर ब्रिज निर्माण का प्रस्ताव दिया गया था जिसपर अधिकारियों द्वारा बताया गया उनके निर्माण हेतु टेंडर प्रक्रिया में है अगले माह तक टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने पर इसके निर्माण कार्य को शुरू कर दिया जायेगा।जिसमे कलेक्टर ,सिडकुल, डीडी चौक, इंद्रा चौक तीनपानी डाम मेडिसिटी हॉस्पिटल ओर गाबा चौक पर इन फुटओवर ब्रिज के निर्माण होने हैं जिनके निर्माण से पैदल चलने वाले लोगो को एक ओर से दूसरी ओर जाने और जाम से बचने में निजात मिलेगी। बैठक में एनएच पीडी योगेंद्र शर्मा, इंजीनियर अक्षत, एनएच 74 प्रोजेक्ट इंजीनियर राजकुमार आदि शामिल रहे।



# बैडमिंटन प्रतियोगिता जीतने पर अमित अग्रवाल को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। हल्द्वानी में बीते दिनों डीएसडी में आयोजित 20वीं मास्टर बैडमिंटन चौंपियनशिप में फाईनल चौंपयिनशिप ट्राफी जीतकर लौटे अमित अग्रवाल का मेयर रामपाल सिंह और मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। 17 से 19 फरवरी तक 20वीं मास्टर बैडमिंटन चौंपियनशिप का आयोजन हल्द्वानी के डीएसडी में किया गया था। जिसमें 45 प्लस आयु वर्ग में रूद्रपुर के ओमेक्स निवासी अमित अग्रवाल ने फाईनल मुकाबले में देहरादून के महेश कंडवाल को पराजित कर ट्राफी अपने नाम की। अमित अब आगामी कुछ दिनों में गोआ में होने जा रही चौंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। इस उपलब्धि पर मेयर रामपाल सिंह और एमएनए विशाल मिश्रा ने नगर निगम में उनका स्वागत किया और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान मेयर ने कहा कि अमित अग्रवाल ने ट्राफी जीतकर रूद्रपुर का नाम रोशन किया है। उन्होंने गोवा में होने वाली आगामी प्रतियोगिता के लिए अमित को शुभकामनाएं दी।



# पेयजल समस्या से वार्डवासी बेहाल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महानगर के वार्ड 59 की पेयजल समस्या पिछले कई वर्षों से सुधरने का नाम नहीं ले रही है। वार्ड पार्षद रईस अहमद गुड्डू ने रोषित भरे स्वर में कहा कि जोशी बिहार के 30 घरों में गंदा पानी आ रहा है। पिछले दो माह से कई बार अधिकारियों को बताने के बाद वह खानापूर्ति करके चले जाते हैं। कोई हल नहीं निकाला। उन्होंने बताया कि अभी तक गणपति बिहार, आम का बगीचा और जोशी बिहार के करीब सौ घरों में पानी की समस्या बनी हुई है। विभागीय अधिकारी किसी दिन दो टैंकर किसी दिन तीन टैंकर पानी भेजते हैं। जिससे पूरी पूर्ति नहीं हो पा रही है। क्षेत्र की जनता पेयजल की लेकर बहुत ज्यादा परेशान है। न्यू फ्रेंड कॉलोनी का टूवेल खराब हो गया है। अधिकारी कह रहे हैं दो दिन में सही करा देंगे। लेकिन सही नहीं करा रहे हैं।



# रेनबो की छात्रा का फिट इंडिया क्विज में चयन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर के रेनबो पब्लिक स्कूल की कक्षा 9 की छात्रा भूमिका शर्मा ने फिट इंडिया क्विज 2022 के प्रारम्भिक दौर में चयनित होकर विद्यालय तथा अभिभावकों का नाम रोशन किया। यह क्विज भारत सरकार के युवा कल्याण एवं खेलकूद मंत्रालय के सौजन्य से आयोंजित की जाती है। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पायल भारती ने बताया कि भूमिका अरोंरा विद्यालय की होनहार छात्रा है, जिसे राज्यस्तरीय प्रतियोंगिता में भाग लेने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। सी.बी. एस. ई. ने भी इस पर हर्ष व्यक्त किया। क्योंकि इसमें चयनित रेनबो पब्लिक स्कूल सी.बी.एस. ई से मान्यता प्राप्त है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन संजीव मलिक ने छात्रा भूमिका शर्मा सहित उसके माता-पिता को बधाई दी एवं भविष्य में पढाई के साथ इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ चढ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डायरेंक्टर गीतांजली मलिक, उपप्रधानाचार्य संजय अग्रवाल, कोआर्डीनेटर जी. एस. रावत जिंदर कौर सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।



# सांड से टकराकर बाईक सवार युवक की मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ड्यूटी समाप्त कर घर वापस लोट रहे युवक की बाईक असंतुलित होकर मार्ग पर खड़े सांड से जा भिड़ी। इस दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सालय में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जिससे उसके परिजनों में कोहराम मचा गया। जानकारी के अनुसार बिंदुखत्ता शास्त्रीनगर निवासी मनोज जोशी विगत देर सायं अपनी ड्यूटी समाप्त करने के पश्चात बाईक पर सवार होकर हल्द्वानी से घर को वापस जा रहा था। लालकुआं में राजीव नगर बोरिंग पट्टा के पास उसकी बाइक अचानक असंतुलित होकर सड़क पर आए सांड से टकरा गई। जिससे मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर आ पहुंचे। परिजनों द्वारा उसे हल्द्वानी चिकित्सालय ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए भोजीपुरा स्थित राममूर्ति चिकित्सालय ले गए। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मनोज की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। साथ ही क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई। मृतक मनोज के दो छोटे बच्चे हैं।



ANANT GRAPHICS
All Kinds of Printing Solution...
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Price | Time | Quality
More information call us 98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# लुभावनी योजनाएं

पांच राज्य सरकारों ने नई पेंशन के बजाय पुरानी पेंशन योजना पर वापस लौटने का फैसला कर तो लिया, मगर इसके लिए धन जुटाने को लेकर मुश्किलें खड़ी हो गई हैं। सबसे पहले राजस्थान सरकार ने इस योजना की घोषणा की थी। इस साल वहां विधानसभा के चुनाव हैं, इसलिए वह चाहती है कि यह योजना चुनाव से पहले सिरे चढ़ जाए। मगर सवाल है कि इसके लिए पैसा कहां से आए।राज्य सरकारों ने सोचा था कि नई पेंशन योजना के तहत जो पैसा कर्मचारियों के वेतन से काट कर पेंशन खाते में जमा है, वह वापस मिल जाएगा, तो उसमें कुछ और धन जोड़ कर पुरानी पेंशन का भुगतान किया जा सकेगा। मगर केंद्र सरकार ने फिर से जोर देकर कहा है कि वह पैसा राज्य सरकारों को नहीं मिल सकता।इस पर राजस्थान सरकार ने कहा है कि वह इसके लिए उच्चतम न्यायालय में गुहार लगाएगी और अपने कर्मचारियों का पैसा लेकर रहेगी। मगर हकीकत यह है कि नई पेंशन योजना के तहत जमा रकम को वापस लेना इतना आसान नहीं होगा। फिर भी राजस्थान सरकार केंद्र के इस रवैए को भुनाने का प्रयास जरूर करेगी। वह दिखाने की कोशिश करेगी कि केंद्र सरकार की अड़ंगेबाजी की वजह से वह पुरानी पेंशन योजना लागू नहीं कर पा रही है। पुरानी पेंशन योजना पर लौटना निस्संदेह कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से सराहनीय फैसला है। मगर हकीकत यह है कि जिन राज्यों ने इस योजना में लौटने का वादा किया, वे इसका राजनीतिक लाभ उठाना चाहती थीं। राजस्थान सरकार ने भी आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर ही यह फैसला किया था। फिर छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड और पंजाब की सरकारों ने भी उसकी देखादेखी ऐसा ही फैसला किया। तब भी यह सवाल उठा था कि इसके लिए धन का प्रबंध कहां से होगा। इन राज्य सरकारों ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना का बहुत अधिक उन पर बोझ नहीं पड़ेगा। जो पैसा नई पेंशन योजना में जमा है, उसमें कुछ और धन अपनी तरफ से मिला कर भुगतान किया जा सकता है। जबकि सच्चाई यह है कि इन राज्य सरकारों ने इस पहलू पर बहुत गंभीरता से विचार नहीं किया कि नई पेंशन योजना के तहत जमा राशि को अपने खाते में लेना तकनीकी रूप से आसान नहीं है। दरअसल, कर्मचारियों के वेतन से जो रकम पेंशन के मद में काटी जाती है, उसका पचासी फीसद हिस्सा सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश कर दिया जाता है और बाकी पंद्रह फीसद को निजी क्षेत्र में निवेश किया जाता है। इसके लिए बाकायदा केंद्र और राज्य सरकारों के बीच करार है। वह करार कैसे भंग होगा, इस पर विचार नहीं किया गया। फिर यह कि जो रकम प्रतिभूतियों में निवेश की गई है, उसे वापस लेने की प्रक्रिया भी आसान नहीं होगी। अब राजस्थान सरकार भयादोहन कर रही है कि जिस तरह अडाणी समूह के शेयर लगातार गिर रहे हैं, उसमें कर्मचारियों की गाढ़ी कमाई के डूबने की आशंका बनी हुई है। जाहिर है, इससे पुरानी पेंशन को लेकर उत्साहित कर्मचारियों के मन में अपनी जमा राशि की सुरक्षा को लेकर भय बना रहेगा और वे केंद्र के फैसले को उचित नहीं मानेंगे। इस तरह पुरानी पेंशन योजना को लेकर एक नई राजनीति शुरू होगी। विडंबना है कि चुनावी लाभ के लिए सरकारें लुभावनी योजनाएं तो घोषित कर देती हैं, पर उनके व्यावहारिक पक्ष पर गंभीरता से विचार नहीं करतीं।

# कांग्रेस ने फूंका कैबिनेट मंत्री जोशी का पुतला

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिला कांग्रेस ने भाजपा के मंत्री गणेश जोशी पर अनर्गल बयानबाजी का आरोप लगया है। नाराज कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री जोशी केखिलाफ रोष जताते हुए सांकेतिक पुतला दहन किया। यहां हुई सभा में जिलाध्यक्ष भगवत डसीला ने कहा कि प्रदेश में भृस्टाचार चरम पर है। भृस्टाचारियो से साठगाँठ कर सत्तारूढ़ भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए सभी जिलों में अपने कार्यालय भी बनवाए है, वही पूर्व विधायक और कांग्रेस के एआईसीसी सदस्य ललित फर्स्वाण ने सत्तापक्ष भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए प्रदेश में सरकार को भृस्टाचारियो का अखाड़ा बताते हुए सत्ता पक्ष की मनमानी को इसका जीता जाता उदाहरण बताया, वही प्रशासन प्रदेश सरकार के दबाब में अधिकारियों को खनन शराब के कारोबारियों को खुला संरक्षण देने के आरोप लगाए,वही भाजपा के मंत्री के अनर्गल बयानों की भर्त्सना की,सुशासन की सरकार का झूठा दावा दिखाकर प्रदेश में गरीबों को महंगाई की मार देकर विरोजगारी से लोगों का जीना मुहाल हो




गया है,अरबों की लागत से कार्यालयों का निर्माण किया गया है, वही प्रदेश में वेरोजगारी चरम पर है,नौकरी के लिए युवा सड़कों पर विरोध जता रहे है,वही युवाओं पर लाठीचार्ज कर उनपर बड़ी धाराएं लगाकर उन्हें डराया गया वही जल्दबाजी में परीक्षा करवाकर हजारों युवकों को परीक्षा से वंचित होना पड़ा था, युवाओं को बेजुंवा को लाठी से मारने वाले जुवां वालों को नसीहत दे रहे हैं। सत्ता के नशे में चूर कैबिनेट मंत्री जोशी अपनी मर्यादा भूल रहे हैं। जिसे कांग्रेस कतई सहन नहीं करेगी। जिलाध्यक्ष डसीला के नेतृत्व में कार्यकर्ता मंगलवार को एसबीआई तिराहे पर एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार के मंत्री जोशी ने दूसरी बार कांग्रेस पर अनर्गल बयानबाजी की है। जिसकी कांग्रेस कड़े शब्दों में निंदा करती है। उन्होंने कहा कि सत्ता के नशे में चूर मंत्री अनुशासनहीन हो गए हैं, जबकि उनकी पार्टी खुद को सबसे बड़ा अनुशासित पार्टी बताजी है। ऐसे बड़बोले नेताओं को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने जोशी अपने बयान पर माफी मांगने की मांग की है। इस दौरान पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण राजेन्द्र टँगड़िया,सुरेश गड़िया, गोकुल सिंह, कुंदन सिंह, किशन गिरी, देंव्रद सिंह परिहार, ललित बिष्ट,राजेन्द्र परिहार,भीम कुमार,,गोविन्द चंदोला, मुन्ना पांडे, प्रमोद जोशी आदि मौजूद रहे।

# फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में डॉ. उज्ज्वला अव्वल

मुरादाबाद (उद संवाददाता)। टीएमयू डेंटल कॉलेज के ओरल एवम् मेक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग की मेक्सिलोफेशियल सर्जन दंत प्रश्नोत्तरी और फेस पेंटिंग की हुई प्रतियोगिताएं, सर्जन दंत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में डॉ. अक्षिता बखेटिया और डॉ. लवली कुमारी रहीं प्रथम तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के ओरल एवम् मेक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग की ओर से विश्व ओरल एंड मेक्सिलोफेशियल सर्जन दिवस पर दंत प्रश्नोत्तरी और फेस पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। सर्जन दंत प्रश्नोत्तरी और फेस पेंटिंग आयोजित की गई। सर्जन दंत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में डॉ. अक्षिता बखेटिया और डॉ. लवली कुमारी अव्वल, जबकि डॉ. अब्दुल्ला और डॉ. वत्सला लाल दूसरे स्थान पर रहे। फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में डॉ. उज्ज्वला प्रथम रहीं, जबकि डॉ. इपिका जैन दूसरे स्थान पर



रहीं। यह दिन मेक्सिलोफेशियल सर्जरी की विशेषताओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और दुनिया में ओरल एंड मेक्सिलोफेशियल सर्जनों की प्रेरक भूमिका की याद में मनाया जाता है। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा ने बतौर अतिथि वक्ता और बेहोशी एवम् निश्चेतना विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जीएस झीते ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। साथ में रजिस्ट्रार डॉ. शर्मा ने वृक्षारोपण भी किया। डेंटल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मनीष गोयल ने प्रतिभागी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ओरल एवम् मेक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग की एचओडी डॉ. नीलिमा गहलोत ने सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ. पायल जैन, डॉ. विपिन वार्ष्णेय, डॉ. डीएस गुप्ता, डॉ. निमिश अग्रवाल, डॉ. सौभाग्य अग्रवाल, डॉ. एकासं दत्ता, डॉ. प्रभजीत, डॉ. नकुल चौधरी, डॉ. रूही जवारकर आदि मौजूद रहे।

# भक्तिमय होकर श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

कपकोट (उद संवाददाता) प्रसिद्ध हिमालयी क्षेत्र श्री गुसाईं देव और बाण देवता मंदिर कमेटी चिरपतकोट मंदिर में देवी भागवत कथा का तृतीय वार्षिकोत्सव श्रद्धाभक्ति पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर मंदिर में लोक कल्याण के लिये रुद्री पाठ और दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया। रुद्री पाठ सिलकानी निवासी पंडित विनय जोशी ने किया।इस मौके पर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़भाड़ रही।गुसाँई देव के डंगरिये ने अवतरित होकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। मंदिर में लोक कल्याण के लिये रुद्री पाठ और दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया। रुद्री पाठ सिलकानी निवासी पंडित विनय जोशी ने किया। इस मौके पर मंदिर में



श्रद्धालुओं की खाशी भीड़भाड़ रही। गुसाँई देव के डंगरिये ने अवतरित होकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में आयोजित भंडारे का लुत्फ उठाया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में आयोजित भंडारे का लुत्फ उठाया। पुजारी चंद्र सिंह गढ़िया और श्याम सिंह बिष्ट ने प्रसाद वितरित किया।मुख्य यजमान महिमन बिष्ट अपनी पत्नी हेमा बिष्ट के साथ पूजा में बैठे। कमेटी संयोजक गणेश चंद्र उपाध्याय, व्यवस्थापक जमन सिंह बिष्ट, सह ब्यवस्थापक सतीश जोशी और सचिव आनंद बिष्ट ने सभी के सहयोग का आभार जताया।इस दौरान प्रताप कपकोटी,आनंद जोशी,गोकुल बिष्ट, रतन बिष्ट आदि थे।

# शक्ति नहर में कूदे कांग्रेस कार्यकर्ता की मौत

## ग्रामीणों ने लड़की को बचाया,सुरक्षा जालियां न लगने से आए दिन हो रहे हादसे

विकासनगर। कोतवाली अंतर्गत पुल नंबर दो मोक्ष धाम के पास डूब रही युवती को बचाने के लिए शक्तिनहर में कूदे कांग्रेस कार्यकर्त्ता का शव ढकरानी पावर हाउस के इंटेक से मंगलवार सुबह बरामद हो गया। पुलिस ने पंचनामा और पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार, सोमवार देर शाम सात से आठ बजे के बीच पुल नंबर दो के पास एक युवती डूब रही थी। तभी नहर किनारे कार से जा रहे कांग्रेस कार्यकर्त्ता शुभम भटनागर (28) निवासी डाकपत्थर ने डूबती युवती को बचाने के लिए नहर में छलांग लगा दी। इसी बीच वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने रस्सी डालकर युवती को बचा लिया, लेकिन शुभम को नहीं बचा पाए और वह डूबकर लापता हो गया। सूचना पर कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट मय पुलिस बल मौके पर पहुंचे और टार्च की रोशनी में सर्च आपरेशन चलाया। मंगलवार सुबह पुलिस ने फिर से सर्च आपरेशन शुरू किया। इसी बीच जल विद्युत उत्पादन केंद्र ढकरानी के कर्मियों ने पुलिस को इंटेक में किसी व्यक्ति का शव होने की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव निकलवाया। स्वजन ने शव की शिनाख्त शुभम भटनागर के रूप में की। शुभम माता पिता का बुढ़ापे का एकमात्र सहारा था। शुभम की तीन साल पहले शादी हुई थी। उसकी डेढ़ साल की एक बेटी है। शुभम की मौत से पूरा परिवार टूट गया है। उधर, बाजार चौकी प्रभारी किशन देवरानी ने बताया कि पहले से नहर में डूब रही युवती को बचाने के लिए युवक नहर में कूदा, लेकिन डूब गया, जबकि युवती को कुछ ग्रामीणों ने रस्सी फेंक कर बचाया था। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

**छह दिन बाद बरामद हुआ शव**

**विकासनगर:** कोतवाली पुलिस ने शक्तिनहर में डूबकर लापता हुए ढकरानी के युवक का शव छह दिन बाद मंगलवार को ढलीपुर पावर हाउस के इंटेक से बरामद कर लिया है। बता दें कि बीते गुरुवार को इनाम (22) निवासी वार्ड 11 ढकरानी गांव के समीप ही शक्तिनहर में नहाते समय डूब कर लापता हो गया था। उसकी तलाश को एसडीआरएफ व जल पुलिस की टीम रोजाना सर्च आपरेशन चला रही थी। शक्तिनहर में आए दिन डूबने की घटनाएं हो रही है, लेकिन अभी तक जल विद्युत निगम प्रबंधन ने नहर किनारे सुरक्षा जालियां नहीं लगाई है। वर्ष 1960-65 में जब शक्तिनहर का निर्माण हुआ, उस समय डाकपत्थर, नवाबगढ़, भीमावाला, ढकरानी व ढालीपुर गांवों में आबादी नहर से दूर थी, लेकिन अब आबादी की बसावत नहर के किनारे तक पहुंच चुकी है। ऐसे में क्षेत्रवासी लंबे समय से मांग कर रहे हैं कि शक्तिनहर के दोनों किनारों पर सुरक्षा जालियां लगाई जाए, जिससे आए दिन डूबने की हो रही घटनाएं थम सके।

# पायलट से अभद्रता की शिकायत बंद फाइलों में कैद


बागेश्वर(उद संवाददाता)। उत्तरायणी मेले के दौरान पहली बार लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हेलीकॉप्टर सेवा में हेलीकॉप्टर सेवा को रोकने के नाम पर पुलिसटीम द्वारा हेलीकॉप्टर सेवा बंद कराने केलिए गई पुलिस टीम पर सादी वर्दी में तैनात पुलिस कर्मियों पर हेलीकॉप्टर के पायलट ने अभद्रता करने के आरोप लगाए थे। वहीं पुलिस के आदेश के बाद अचानक हेली सेवा को रोक दिया गया था।मामले में हेलिकॉप्टर के पायलट और मैनेजर नेअभद्रता करने वालों की लिखित शिकायत जिलाधिकारी से की थी। और अभद्रता करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा था।वही हेलीकॉप्टर के पायलट ने पत्रकारों को दिए बयान में सादी वर्दी में तैनात कुछ पुलिस कर्मियों द्वारा अभद्रता और दुर्व्यवहार करने के आरोप लगाए थे। जिसके बाद पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने भी हेली सेवा में व्यवधान होने से लाखों रुपए का नुकसान होने की लिखित शिकायत जिलाधिकारी से की थी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। वही कपकोट के विधायक सुरेश गढ़िया ने भी पत्रकारों को दिए बयान में हेली सेवा में बाधा डालने वालों के खिलाफ मेले के समापन के बाद सख्त कार्रवाई की बात कही थी। वही एक माह बीतने के बाद भी अब तक जांच का पिटारा नहीं खुला है ना ही किसी पर कोई कार्यवाही की जा की गई है। वही मामले में पुलिस और जिला प्रशासन के बीच टकराव की स्थिति हो गई थी। जहां जिला प्रशासन ने हेली सेवा का लाभ देने के लिए एक सप्ताह की अस्थाई स्वीकृति दी थी। वही अचानक पुलिस द्वारा सेवा को बंद करने का आदेश दिया गया था। जिसके बाद पुलिस द्वारा हवाई सेवा को रोकने के आदेश पर पुलिस के कुछ सादी वर्दी में तैनात कर्मियों द्वारा पायलट से अभद्रता करने के आरोप पुलिस पर लगे थे। वही प्रभारी मंत्री ने भी मामले में जांच कराकर दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की बात कही थी। जिलाधिकारी अनुराधा पालने मामले में अपर जिलाधिकारी चंद्रसिंह ईमलाल को जांच कर जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए थे। वहीं पूर्व में मेलाधिकारी हरगिरी के छुट्टी जाने के बाद कुछ दिनों बाद जांच पूरी होने की बात कही जा रही थी वही मेलाधिकारी ने अपनी रिपोर्ट दे दी है।पर अब भी मामले में कोई भी किसी प्रकार की कार्रवाई नही हो पाई है।वही जांच अधिकारी एडीएम सीएस इमलाल ने बताया कि हेली सेवा के मैनेजर और पायलट को अपना पक्ष देने के लिए बुलाया गया है।उसके बाद ही जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपने की बात कही है। वहीं हेली सेवा के मैनेजर मनीष भंडारी ने बताया कि मामले में जांच अधिकारी द्वारा पूछे गए बातों को लिखित रूप में मेल से अपना पक्ष पूर्ववत भेजे जाने की बात कही है।अब लोगों को जिलाधिकारी की कार्रवाई का इंतजार है अब देखने वाली बात होगी कि जांच रिपोर्ट कब तक सामने आती है।पायलट द्वारा लगाए गए आरोप सही है या निराधार ये जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा। यदिऐसे में कोई दोषी होता है तो उन पर कार्रवाई होती है या नहीं यह भी देखने वाली बात होगी।वही कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया द्वारा भी मेले में गलत तरीके से विघ्न डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कहने के बाद भी अब कोई कार्रवाई नही होने से सवालिया निशान उठ रहे है। और चर्चाओं का बाजार भी गर्म है। अब लोगोंकी निगाहें जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की कार्रवाई पर टिकी हुई है।

# रेडियोलाजी की सुविधा के लिए रोस्टर निर्धारित

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी आर0सी0 पंत ने बताया कि जिलाधिकारी वन्दना द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जनपद के विकासखण्डों के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले रोगियों को जनपद के चिकित्सालयों में रेडियोलाजी की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध करवाये जाने हेतु रोस्टर निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को विकासखण्ड धौलादेवी, द्वितीय बुधवार ताकुला, तृतीय बुधवार लमगड़ा, चतुर्थ बुधवार हवालबाग एवं प्रत्येक बुधवार अथवा पंचम बुधवार भैसियाछाना के रोगियों के लिए महिला चिकित्सालय, अल्मोड़ा में अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को विकासखण्ड चौखुटिया, द्वितीय बुधवार ताड़ीखेत एवं तृतीय बुधवार द्वाराहाट के रोगियों के लिए नागरिक चिकित्सालय रानीखेत में अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा उपलब्ध रहेगी तथा प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार विकासखण्ड भिकियासैंण, द्वितीय बुधवार सल्ट एवं चतुर्थ बुधवार स्याल्दे के रोगियों के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिकियासैंण में अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय व मेडिकल कालेज, अल्मोड़ा में आपातकालीन एवं अन्य रोगियों के उपचार हेतु प्रतिदिन अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा उपलब्ध रहेगी तथा जिला चिकित्सालय द्वारा रोस्टर के अनुसार महिला चिकित्सालय अल्मोड़ा में तथा नागरिक चिकित्सालय रानीखेत द्वारा रोस्टर के अतिरिक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वाराहाट एवं चौखुटिया में 10 दिन में एक बार अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा रानीखेत में तैनात रोडियोलाजिस्ट के माध्यम से उनके चिकित्सालय में प्रदान की जायेगी।




### अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस



मन के सारे अंधकार को दूर करें
जीवन में एक नया प्रकाश भरे
उजाले की किरण से जो सारे संसार को
जो नहलाये वह हिंदी भाषा कहलाए।
हिंदुस्तान में रहने वालों की मान है हिंदी
मेरे हृदय की सांस सांस में हिंदी का अनुपम स्थान है
हिंदी के बिना जीवन निर पशुओं के समान है!
जनमानस में जो सम्मान बढ़ाएं वह हिंदी की पुकार है
विदेशों में भी गौरव का जो मान
बढ़ाएं वह हिंदी की पुकार है!
भाई बहनों के संबोधन से अमेरिका की धरा पर
छोड़ा नरेंद्र जी ने हिंदी का प्रकाश
हिंदी का मान बढ़ाओ हिंदी का परचम तुम संपूर्ण विश्व में लहरा हो
अरे नादान ओ तुम भारतवासी होकर अपने
बच्चों को अंग्रेजी में गिटपिट सिख लाते हो।
फिर जन्म लेने पर बच्चे की जीभ
पर शहद से ओम लिख वाते हो
मत विनाश करो हिंदी का मत विनाश करो अपनी सभ्यता का
पाश्चात्य सभ्यता के रीति रिवाजों को मत अपनाओ
भारतवासी होकर भी अंग्रेजों का मान बढ़ाते हो
आओ मिलकर भारतवासी होने का कर्तव्य निभाते हैं
जनमानस में एक एक अनोखा दीप हम जलाते हैं
हिंदी भाषा का परचम ऐसा लहराते हैं ना बुझे एक ऐसा दीप हम जलाते हैं
आओ मिलकर हम अंतरराष्ट्रीय मात्र भाषा दिवस मनाते हैं।

-शालिनी शर्मा

# मलिक कालोनी में शरारती तत्वों का आतंक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मलिक कालोनी में शरारती तत्वों के आतंक से क्षेत्रवासी परेशान है। लोगों ने सड़क पर आये दिन आतंक मचाने वाले शरारती तत्वों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि मलिक कालोनी में कपूर जनरल स्टोर वाली गली समेत अन्य स्थानों पर शाम के समय शरारती तत्वों का जमावड़ा रहता है। ये लोग आने जाने वाली महिलाओं युवतियों पर फब्तियां कसते हैं और सड़क पर तेज रफतार से वाहन चलाते हैं जिस कारण बच्चों महिलाओं का सड़क पर निकलना दूभर हो जाता है। इनमें कई लोग तेज आवाज और पटाखा साईलेंसर वाली बाईक का प्रयोग कर क्षेत्र में अशांति पैदा कर रहे हैं। कोई इन्हें टोकता है तो उसके साथ गाली गलौच मारपीट की जाती है। क्षेत्रवासियों ने इन शरारती तत्वों पर अंकुश लगाने और कपूर जरनल स्टोर वाली गली में स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है।

# दुर्घटना की मजिस्ट्रीयल जांच के आदेश

अल्मोड़ा । जिला मजिस्ट्रेट वन्दना ने बताया कि 8 फरवरी, 2023 की रात्रि बग्वालीपोखर–बिन्ता मोटर मार्ग में स्थान नौलाकोट–करौड़ी के बीच वाहन संख्या डीएल1जेडडी–1884 दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें वाहन चालक एवं वाहन में सवार एक अन्य व्यक्ति को चोट आयी है। उनका उपचार राजकीय चिकित्सालय रानीखेत में चल रहा है। उन्होंने इस वाहन दुर्घटना के कारणों की मजिस्ट्रीयल जॉच हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट रानीखेत को जॉच अधिकारी नामित किया है। उन्होंने जॉच अधिकारी को निर्देश दिये है कि उक्त वाहन दुर्घटना के कारणों की जॉच कर सुस्पष्ट जॉच आख्या एक पक्ष के अन्दर जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

# अवैध शराब सहित दो तस्कर दबोचे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अवैध शराब के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पुलिस ने अलग अलग स्थानों से 40 लीटर अवैध शराब सहित दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली पुलिस जब रामपुर रोड सोनिया होटल के पास गश्त पर थी तभी मुखविर ने सूचना दी कि प्रीत विहार को जाने वाले मोड़ पर ढाबे के पीछे दो लोग कच्ची शराब बेच रहे हैं। बताये गये स्थान पर पहुंचे तो वहां से एक व्यक्ति मौके से फरार हो गया जबकि दूसरे को पुलिस ने पकड़ लिया। उसने अपना नाम सुनील उर्फ गोविन्दा पुत्र सोहन लाल निवासी रम्पुरा वार्ड न0 06 बताया। पकडे गये व्यक्ति ने भागने वाले का नाम सोनू खतम निवासी रम्पुरा बताया। जो पास में ही ढाबा चलाता है। पकडे गये व्यक्ति के पास कट्टे में तीस लीटर शराब बरामद की गयी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं शिवनगर क्षेत्र में पुलिस ने शिवा मंडल पुत्र नित्यानंद मंडल निवासी मछली मार्केट मुखर्जी नगर को 10 ली0 कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।

## सूचना सम्बंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र धर्मेन्द्र व पुत्रवधु श्रीमती बबली हमारा कहना नहीं मानते हैं आये दिन घर में लड़ाई झगड़ा करते हैं। काफी समझाने के बाद भी दोनों अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। दोनों के व्यवहार से दुखी और परेशान होकर मैंने धर्मेन्द्र और उसकी पत्नी बबली से सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं और दोनों को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में दोनों अपने अच्छे बुरे कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे।

दीन दयाल पुत्र स्व. गंगा राम, निवासी–वार्ड 19, खेड़ा उत्तरी, रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर

# महिला सहित दो शराब तस्कर पकड़े

रूद्रपुर । ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस ने गाढ़ी के दौरान अलग अलग स्थानों से महिला सहित दो शराब तस्करों को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार पुलिस ने जगतपुरा वार्ड पांच निवासी पुलता मण्डल पत्नी प्रभाष मण्डल को गश्त के दौरान मुखर्जी नगर चौराहा के पास जारकिन भी भरी दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ पकड़ लिया। वहीं मछली मार्केट मुखर्जी नगर निवासी शिवा मण्डल पुत्र नित्यानंद मण्डल को श्मशान घाट रोड़ पर दस लीटर अवैध शराब ले जाते पकड़ लिया।

# मां ज्वाला जी की यात्रा 11 मार्च से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाजसेवी नरेश कुमार सेठ ने बताया कि सनातन धर्म सभा की ओर से 50वीं मां ज्वाला जी की तीर्थ यात्रा 11 मार्च से शुरू होगी। 11 मार्च को प्रात: 8 बजे पांच मंदिर से बसें प्रस्थान करेंगी और 21 मार्च को मां ज्वाला जी की पवित्र ज्योति का नगर में आगमन होगा। यात्रा में रहने की व्यवस्था सभा द्वारा की जायेगी। आने जाने का किराया 5100 प्रति व्यक्ति रखा गया है। उन्होंने कहा कि यात्रा में जाने वाले व्यक्ति सनातन धर्म सभा पांच मंदिर कार्यालय मे संपर्क कर सकते हैं।

## पेज एक का शेष...

**सीएम ने किया..**रोजगार दिया जाए। सेलाकुई में पथ प्रकाश की व्यवस्था शुरू की जाए। सेलाकुई में 3 वर्षों से बंद पड़ा शौचालय खोला जाए। नगर क्षेत्र सेलाकुई में ठप पड़ी पेयजल योजना को शुरू किया जाए। सेलाकुई क्षेत्र में संचालित अवैध शराब बिक्री केंद्रों को तुरंत बंद किया जाए। सेलाकुई बाजार को जाम से मुक्त कराने के लिए ठोस पहल की जाए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस से नोंक झोंक भी हुयी।

**टैंट में करंट...**गए। घटना में 22 वर्षीय राइफलमैन करण सिंह ग्राम चुनेरा मड़ापट्टी तहसील महलपुर जम्मू कश्मीर की मौके पर मौत हो गई जबकि राइफलमैन विशाल शर्मा निवासी ग्राम चाका जनपद सांबा, हवलदार पवन कुमार निवासी ग्राम रामपुर जिला सांबा व दिनेश राज तहसील मारवान जम्मू कश्मीर झुलस गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। एसडीएम सीएस चौहान ने कहा कि घटना की जानकारी सेना के उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। आशंका है कि टैंट में लगे लोहे के हुक के कारण करंट टैंट में फैल गया होगा।

**पेपर में गड़बड़ी..**जुर्माने का प्रावधान किया गया है। यदि कोई परीक्षार्थी नकल करते हुए पाया जाता है तो आरोप पत्र दाखिल होने की तिथि से दो से पांच वर्ष के लिए डिबार करने तथा दोषसिद्ध ठहराए जाने की दशा में दस वर्ष के लिए समस्त प्रतियोगी परीक्षाओं से डिबार किए जाने का प्रावधान किया गया है। यदि कोई परीक्षार्थी दोबारा नकल करते हुए पाया जाता है तो क्रमश: पांच से दस वर्ष के लिए तथा आजीवन समस्त प्रतियोगी परीक्षाओं से डिबार किए जाने का प्रावधान किया गया है। अनुचित साधनों के इस्तेमाल से अर्जित सम्पति की कुर्की की जायेगी। इस अधिनियम के अन्तर्गत अपराध संज्ञेय, गैर जमानती एवं अशमनीय होगा। उन्होंने कहा कि यह कानून प्रदेश में परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने में अहम भूमिका निभायेगा। प्रेसवार्ता में विधायक शिव अरोरा, मीडिया प्रभारी मयंक कक्कड़, बिट्टू चौहान, सुरेश कोली, उपेन्द्र चौधरी, सुनील यादव आदि लोग मौजूद रहे।

**व्यवसायिक रंजिश..**और उसकी ट्रांसपोर्ट को बंद कराना चाहता है। पूर्व में उसे अरविंदर ने धमकी देकर गांव जाने को कहा था। कुछ दिन वह काम से गांव गया और जब वापस लौटा तो अरविंदर अपने साथी कुलवन्त सिंह, मनमोहन बल, नवजोत जधौल के साथ ट्रासपोर्ट ऑफिस में घुस गया और तेज धारदार हथियार से जान लेवा हमला कर दिया। जिसमे उसे गम्भीर चोटे आई है। पीड़ित का कहना है कि उसे उक्त लोगो से जान माल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**लेन देन को लेकर...**साथ लगभग 20 से 25 लोग थे । जैसे ही हिमांशु पाठक और गौरव के बीच बात हुई और हिमांशु कार में बैठा ही था कि गौरव व उसके साथियो ने हिमांशु के ऊपर पर कापा, तलवार, तंमचों की बटट से हमला कर दिया । जिससे हिमांशु लहुलुहान होकर बेहोश हो गया उसको मरा हुआ समझकर उक्त लोग फायरिंग करते हुए फरार हो गये। घायल को निजी अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुयी है। पुलिस ने दोनों भाईयों और उनके अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**भाजपा मंडल ..** हासिल कर विकास करेगी। मिशन 2024 के लिए पार्टी तैयार है और राज्य की पाचों सीटों पर विजय हासिल करेगी। इस दौरान दक्षिणी मंडल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, उत्तरी मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, उपेन्द्र चौधरी, ,सोनू अनेजा, सुनील ठुकराल, राजेंद्र सिडाना, देव शर्मा, राजन राठौर, राधेश शर्मा, राजेश जग्गा, सुरेश कोली, मनोज मदान, डीके गंगवार, नुक्ता प्रसाद राठौर रामाधारी, विकास बठला, विकास कुकरेजा ,रश्मि रस्तोगी समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# किसान सेवा सहकारी समिति का 36.25 लाख का बजट पारित

गदरपुर(उद संवाददाता)। बहुउद्देशीय किसान सेवा सहकारी समिति लि. के 56 वें वार्षिक अधिवेशन में सदस्यों को 8 प्रतिशत लाभांश देने की घोषणा की गयी। वहीं 2015 से पूर्व के मृतक सदस्यों के बकाया ऋण जमा करने पर 50 प्रतिशत ब्याज में छूट देने का एवं 2022-23 में 34.3 लाख एवं 2023-24 के लिए 36.25 लाख लाभ का अनुमानित बजट सर्व सम्मति से पारित किया गया। मंगलवार को समिति प्रांगण में समिति अध्यक्ष लेखराज तनेजा की अध्यक्षता में 56वॉं वार्षिक अधिवेशन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में एमएस मर्तोलिया उप निबन्धक सह. समितियां कुमाऊं मण्डल, विशिष्ठ अतिथि के रुप में वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेन्द्र पाल सिंह, पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस, पूर्व डीसीबी अध्यक्ष सुभाष बेहड़, भाजपा नेता अशोक हुडिघ्या शामिल हुए। अधिवेशन से पूर्व प्रबंध निदेशक रुचि शुक्ला ने पूर्व अधिवेशन की कार्यवाही को पढ़कर सुनाया जिसकी उपस्थित सदस्यों ने पुष्टि की। अधिवेशन की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष लेखराज तनेजा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में मुख्य अतिथि, सदस्यों, संचालक मण्डल, जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों, अधिकारियों व पत्रकार बन्धुओं का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया। इसके उपरान्त उन्होंने समिति की स्थिति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने इस वर्ष किसानों को पांच प्रतिशत से बढ़ाकर आठ प्रतिशत लाभांश देने की घोषणा की। तनेजा ने कहा कि समिति में करीब 4.70 लाख रुपये ऋण बकाया है जिसमें कुछ लोगों की तो मृत्यु हो चुकी है। यदि यह बकाया ऋण समय से जमा हो जाता तो समिति की आर्थिक स्थिति काफी बेहतर होती। इस स्थिति को देखते हुए सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि जो वर्ष 2015 से मृतक बकायादार है यदि उनके वारिस बकाया ऋण भुगतान करेंगे तो उनको ब्याज में 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। अधिवेशन में अध्यक्ष द्वारा किसानों द्वारा उठाई गई कई समस्याओं का भी निराकरण करते हुए सदस्यों से ऋण की अदायगी समय से किये जाने की अपील की। वहीं अधिवेशन में विशिष्ट अतिथि के रुप में पहुंचे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र पाल सिंह ने सहकारिता के बारे विस्तार के बताते हुए कहा कि आज की सहकारिता में किसानों को इसका पूरा-पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। अधिवेशन के मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे उपनिबंधक सहकारिता कुमाऊं एमएस मर्तोलिया ने भी सहकारिता के बारे में जानकारी देते हुए कर्मचारियों को किसान हित में कार्य करने एवं किसानों को अपने ऋण की समय से अदायगी करने की बात कही। वहीं पूर्व डीसीबी अध्यक्ष सुभाष बेहड़, पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस, भाजपा नेता अशोक कुमार हुडिघ्या,मोहन सिंह पानू आदि ने भी सहकारिता के बारे में जानकारी देते हुए किसानों को इससे अधिक से अधिक लाभ दिये जाने की बात कही। वहीं अधिवेशन में कुछ किसानों ने समिति से बिना ब्याज से मिलने वाले ऋण के बारे में चर्चा की गयी और कहा गया कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं दी जाती। अधिवेशन में समिति द्वारा वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 का आय-व्यय का अनुमानित बजट भी पेश किया गया। वर्ष 2022-23 में 34.3 लाख एवं 2023-24 के लिए 36.25 लाख लाभ का अनुमानित बजट भी पेश किया। जिसको सर्वसम्मति से पारित किया गया। अधिवेशन के समापन से पूर्व समिति अध्यक्ष एवं कर्मचारियों द्वारा मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष क्रय विक्रय समिति योगेश पानू, पूर्व अध्यक्ष क्रय विक्रय समिति टीकम खेड़ा, पूर्व अध्यक्ष अमरनाथ चुघ, अहमद हसन उपाध्यक्ष, अनिल गगनेजा, चिमन लाल, तीरर्थ कुमार, रमेश लाल, सुरजीत सिंह, बवीता रानी, सारिका रानी संचालक, राम प्रकाश नामित संचालक, विजय भुड्डी, गोकुल चन्द खेड़ा, राजकुमार खेड़ा, दलीप सिंह, शैलेन्द्र शर्मा, गुरविन्दर सिंह विर्क, मिक्की भगत,अमरीक सिंह, करनैल सिंह, तारा चन्द्र, कुलदीप सिंह, हरलोक सिंह, जीत कुमार, किशन कम्बोज,पंकज सेतिया, राकेश भुड्डी, बल्देव राज , गुरदीप सिंह के अलावा कर्मचारियों में रमन चौधरी,अमित कुमार, अजय कुमार,मनोज बोहरा, केतन गगनेजा, ऋषिकेष बाला, ब्रजेश कम्बोज, शिशु पाल, प्रदीप कुमार सहित काफी संख्या में किसान मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन विकास तनेजा ने करते हुए अधिवेशन में पहुंचे सभी का आभार जताया।






# ग्राम प्रहरियों को मिली जैकेट

गदरपुर(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में ग्राम प्रहरी की भूमिका का निर्वाह करने वाले और पुलिस सहायक के रूप में कार्यरत ग्राम प्रहरियों को थानाध्यक्ष राजेश पांडे के निर्देश पर दीवान पान सिंह द्वारा जैकेट बांटे गए चौकीदारों का कहना था कि वे अपने अपने ग्राम क्षेत्र में दिन-रात ड्यूटी करने के साथ अपने कारोबार भी करते हैं परंतु उनके हितों की अनदेखी करते हुए प्रशासन द्वारा कोई विशेष मानदेय नहीं दिया जाता जबकि वह तन मन से, इमानदारी से अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हैं स इस मौके पर मोहम्मद शफीक, इलियास, चंद्रपाल ,निर्मल सिंह, वहीद अहमद ,कमल सिंह ,अब्दुल वहीद ,रामगोपाल, राजेश कुमार, संजय बिष्ट ,जरीफ खान एवं राजेश कुमार आदि मौजूद थे।



# नेत्रदान के लिए राजभर परिवार को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।स्वर्गीय रामप्यारी देवी राजभर के परिवार को आई बैंक सीएल गुप्ता एवं नेत्रदान सलाहकार ने नेत्रदाता सम्मान पत्र से सम्मानित किया। इस दौरान ग्राम नंदपुर गदरपुर निवासी संपूर्ण राजभर परिवार ने नेत्रदान का संकल्प भी लिया। बता दें बीते दिनों राम प्यारी देवी राजभर का निधन हो गया था। निधन के पश्चात राजभर परिवार की राम प्यारी देवी के नेत्रदान कराये। जिस पर आई बैंक सीएल गुप्ता और नेत्रदान सलाहकार ने परिवार को स्मृति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान परिवारनों ने नेत्रदान का संकल्प भी लिया। जिसके लिए संपूर्ण परिवार को नेत्र दान सलाहकार प्रथम बिष्ट और अरुण चुघ ने सराहना की। साथ ही सदस्यों ने गदरपुर ग्राम नंदपुर की जनता से राष्ट्र सेवा में आगे आने के लिए आग्रह किया और आस पास के सभी लोगो से नेत्रदान में जागरूक होने की अपील की हैं । उन्होंने बताया कि नेत्रदान में उम्र, लिंग, धर्म, जाति इत्यादि कोई बाधा नहीं है, कोई भी नेत्रदान कर सकता है। उन्होंने कहा कि नेत्रदान संकल्प के लिए इच्छुक व्यक्ति नेत्रदान सलाहकार 7500969569 अथवा मोबाईल नं099279 28073 ,9720006801, 7217262462,व शहीद भगत सिंह सेवा समिति से सम्पर्क कर सकते हैं। नेत्रदान सलाहकार और समिति पूरे देश में जागरूकता अभियान कर रही हैं जिसके इन्होंने लोगो बताया नेत्रदान महादान हैं । साथ ही लोगो ने जागरूकता दिखाते हुए जिला ऊधम सिंह नगर को नेत्रदान में आगे लाने और देश से कॉर्निया ब्लाइंडनेस को शून्य करने का संकल्प लिया जिसमे ग्राम नंदपुर गदरपुर का पूर्ण सहयोग मिला साथ ही लोगो के अलग अलग मिथ्या दूर किए गए ।





# आठ दिवसीय निःशुल्क शिक्षा शिविर का समापन

गदरपुर(उद संवाददाता)। महिमा चैरिटेबल सोसायटी की ओर से वार्ड नं. 6 आवास विकास के शहीद पार्क में आयोजित किए गए 8 दिवसीय निःशुल्क शिक्षा शिविर के समापन पर विभिन्न कार्यक्रम किए गए। महिमा चौरिटेबल सोसाइटी की अध्यक्ष चंद्रिका फौगाट ने बताया, सोसाइटी की उपाध्यक्ष कविता कांडपाल द्वारा बच्चों को अंग्रेजी विषय, संगठन मंत्री मोहित घुगतयाल द्वारा गणित, सदस्य मानसी द्वारा विज्ञान पर बेसिक के अलावा अंग्रेजी, गणित, विज्ञान ,समाजिक विज्ञान तथा पंजाबी विषयों पर बालक बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया स सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के संयोजक देवेंद्र सिंह द्वारा बच्चों को निशुल्क पंजाबी भाषा तथा उत्तम स्वास्थ्य के लिए जानकारियां प्रदान की गई स मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे वार्ड नं. 6 के सभासद मनोज गुंबर एवं उनकी पत्नी रिया गुंबर द्वारा अपनी शादी की वर्षगांठ को यादगार बनाते हुए बच्चों को पुरस्कृत करने के साथ पौधों का वितरण किया गया। उन्होंने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर नगर संगठन मंत्री ठाकुर मोहित घुगत्याल, सदस्य पलक ठुकराल, नीलम ,भारत सिंह ,शशि मानसी घुगतयाल एवं सूर्या के अलावा अंशिका,नैना,श्रद्धा ,तनिष्का, लवप्रीत, आंचल, पलक, कार्तिक, जूही, खुशी , उईरूबी, वेदांत, सृष्टि, वैभव, विनय, निखिल, कार्तिक अविनाश ,जतिन, कृतिका ,रितिक एवं कान्हा आदि थे।



# संजय नगर खेड़ा से संदिग्ध परिस्थितियों में बालक लापता

## गुमशुदगी की सूचना दर्ज ,खोजबीन शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिवस मोहल्ला संजय नगर खेड़ा से एक बालक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। घटना के तीन दिन बाद भी जब वह घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने सूचना दर्ज कर लापता बालक की तलाश शुरू कर दी है। मोहल्ला ठाकुर नगर ट्रांजिट कैंप निवासी मूल निवासी ग्राम भूता बरेली मंजू पत्नी फूलचंद ने पुलिस को दी सूचना में कहा है कि उसका 13 वर्षीय पुत्र साहिल गत 18 फरवरी को संजय नगर खेड़ा गया था। जहां से अभी तक घर वापस नहीं लौटा। उसकी सभी संभावित स्थानों पर खोजबीन की गई। लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। पुलिस ने बालक की गुमशुदगी की सूचना दर्ज कर उसकी खोजबीन शुरू कर दी है।

# अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाना हमारा लक्ष्यः पाण्डे

गदरपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्रीय विधायक माननीय अरविंद पांडे एवं भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा की संयुक्त मौजूदगी में बीजेपी गदरपुर मंडल की कार्यसमिति की बैठक नगर के एक बैंकट हॉल में संपन्न हुई। विधायक अरविंद पांडे एवं बीजेपी जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा द्वारा सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समिति की बैठक का शुभारंभ किया गया। आयोजित कार्यसमिति की बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चलते हुए अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना हमारा लक्ष्य है तथा क्षेत्र की उन्नति, क्षेत्रवासियों की प्रसन्नता व उनके अनुरूप कार्य करना ही हमारी प्राथमिकता है और हमारा संकल्प भी। जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को मजबूत होना जरूरी है, जब कार्यकर्ता मजबूत होगा जो पार्टी भी मजबूत बनेगी। बैठक में प्रमुख गतिविधियों, संगठनात्मक विषयों, आगामी भविष्य की विभिन्न योजनाओं व कार्यो पर विचार-विमर्श एवं संगठन के हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। कार्यसमिति की बैठक से पूर्व उत्तराखण्ड में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कघनून बनाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का गदरपुर मण्डल कार्यसमिति द्वारा आभार जताया गया। इस मौके पर विधायक अरविंद पांडे, जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, मुख्य वक्ता राम मल्होत्रा, कार्यकारिणी सदस्य अशोक हुड़िया, मंडल प्रभारी अमित सिंह, सुरेश खुराना, कपिल गंडा ,नरेश हुडिया, अभिषेक वर्मा,राकेश भुड्डी, अनिल जेटली,अमन कुमार, वकुल अरोड़ा, अंकित मदान, चिंतन अरोड़ा, मुनि भुसरी ,कुलवीरी चौधरी एवं ज्योतिराज आदि मौजूद थे।

